लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -199, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15 | कानपुर, रविवार, 10 मार्च 2024

निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...-2

एक नजर

अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें अब तक दी जा रही वाई श्रेणी की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी कीकर दी है। इस श्रेणी में 22 कर्मी होते हैं जिसमें चार से छह एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी होते हैं। दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ की तरफ से यह सुरक्षा दी जाती है। जेड प्लस के बाद सबसे जेड सुरक्षा का नाम सुरक्षित सिक्योरिटी में आता है।

भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

धर्मशाला। रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट

खिलाड़ी	मैच	5 विकेट
मुथैया मुरलीधरन	133	67
शेन वॉर्न	145	37
रिचर्ड हैडली	86	36
आर अश्विन	100*	36
अनिल कुंबले	132	35
जेम्स एंडरसन	187*	32

100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)

9/128	रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024
9/141	मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006
8/231	शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002
7/151	कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989
7/176	अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।

- **प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर**
- **1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट**

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

महेंद्र सिंह | अशोक कटारिया | विजय बहादुर | मोहित बेनीवाल | संतोष सिंह | धर्मेंद्र सिंह | रामतीरथ सिंघल

- **मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे**
- **सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश**

सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

त्योहारों के पहले दंगा कराता था विपक्ष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल अपनी सरकार में भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

- **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, जौनपुर व चंदौली में विपक्ष पर बोला हमला**
- **अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं। अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। मोदी की गारंटी वेलफेयर स्कीम के माध्यम से हर तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और आजीविका की गारंटी दी जा रही है।

खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय

- **इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा**

अमृत विचार : आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे।

जल संरक्षण में रचा इतिहास | नहर और नदियों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को मिला मुकाम, शासन में हो रही प्रशंसा

तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।

- **जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा**

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से सिंचाई का अनुचित फायदा ले रहे थे। वह अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था और फसलों को भी खास फायदा नहीं हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। – **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। – **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी

प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव

रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी) 477/10 (124.1 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	30	69	2/0
जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर	20	64	2/0
मोहम्मद सिराज नाबाद	00	02	0/0

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

इंग्लैंड (पहली) 218 (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन	00	16	0/0
बेन डकेट बो अश्विन	02	05	0/0
ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन	19	23	3/0
जो रूट का बुमराह बो कुलदीप	84	128	12/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप	39	31	3/3
बेन स्टोक्स बो अश्विन	02	10	0/0
बेन फोक्स बो अश्विन	08	17	0/0
टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह	20	24	4/0
मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह	00	02	0/0
शोएब बशीर बो जडेजा	13	29	3/0
जेम्स एंडरसन नाबाद	00	05	0/0

अतिरिक्त : 8, विकेट पतन : 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी : बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

गुरु कुबंले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुबंले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

खेल डायरी

पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

एनसीएए के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी। भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

उपलब्धि

● 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

बस गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था : यशस्वी

धर्मशाला, एजेंसी

प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था।

एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। मैंने श्रृंखला का पूरा मजा लिया। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। उसे चुनौतियां पसंद है। प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लेंथ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए जरूरी है। मैं ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने वाला है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया।

चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित

पीठ में अकड़न से कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। चोट से केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच से बाहर रहे, जो भारत हार गया था।

भारत की बी टीम से हारने का दर्द मैं समझता हूं : पेन

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को पता है कि टेस्ट में भारत की बी टीम से हारने का दर्द क्या होता है। पेन 2020-21 की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे जब भारत ने उसे उसकी धरती पर 2-1 से हराया था। विराट कोहली उस समय पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौटे थे और रोहित शर्मा पहले दो टेस्ट से बाहर थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव चोट से बाहर थे जबकि अश्विन और बुमराह आखिरी टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे। अजिंक्य रहाणे ने युवा भारतीय टीम की अगुवाई करके ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

बीसीसीआई की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना, टेस्ट खेलकर ज्यादा कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी

टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के वादे पर खरे उतरते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के लिए हर मैच 45 लाख का प्रोत्साहन देने का फैसला किया जो हर सत्र में तय 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा मैच खेलते हैं। सचिव जय शाह ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

एक टेस्ट खिलाड़ी जो एक सत्र में 10 मैच में हिस्सा लेता है, उसे बतौर प्रोत्साहन 4.50 करोड़ की राशि मिलेगी जो उसकी संभावित 1.5 करोड़ मैच फीस (हर मैच 15 लाख) से इतर होगी। शीर्ष क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध के तहत 'रिटेनर फीस' भी मिलेगी। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि मुझे सीनियर पुरुष टीम के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरूआत की घोषणा करके खुशी हो रही है क्योंकि यह कदम हमारे खिलाड़ियों को वित्तीय विकास और स्थिरता मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। 2022-23 सत्र से टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना के लिए मौजूदा 15 लाख मैच फीस के लिए अतिरिक्त पुरस्कार के तौर पर काम करेगी। यह प्रोत्साहन पूर्वप्रभावी होगा, जिसका असर 2022-23 सत्र के दौरान टेस्ट क्रिकेट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर होगा। रोहित शर्मा ने सत्र के दौरान 10 टेस्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, वेस्टइंडीज और द. अफ्रीका के साथ 2-2, इंग्लैंड के साथ 5) खेले हैं तो उन्हें 1.5 करोड़ मैच फीस मिलेगी।

बॉलीवुड हलचल

'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे

मुंबई, एजेंसी। दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज से शुरू हो जाएगी चित्रकूट हवाई अड्डे से उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे प्रोजेक्ट का लोकार्पण, पहले दो मार्च को जनता को होना था समर्पित

135 करोड़ रुपये से बना टेबल टॉप एयरपोर्ट

10 साल पहले प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। आखिरकार वह घड़ी आ गई। रविवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली चित्रकूट एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे तो प्रदेश के पहले पहाड़ पर स्थित (टेबल टाप) चित्रकूट हवाई अड्डे से हवाई उड़ान शुरू हो जाएगी।

पहले यह लोकार्पण दो मार्च को होना था। यह टला तब भी ऐसी जानकारी मिल रही थी कि इसी माह से यहां से हवाई जहाज उड़ान भरने लगेंगे। अब प्रशासन ने इसकी पुष्टि कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री लखनऊ से जिन 15 एयरपोर्टों के लोकार्पण के शिलापटों का अनावरण करेंगे, उनमें चित्रकूट एयरपोर्ट भी शामिल है। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नागरिक उड्डयन, सड़क यातायात और हाईवे राज्यमंत्री जनरल (रि.) वीके सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर देवांगना पहाड़ी स्थित चित्रकूट एयरपोर्ट पर भी कार्यक्रम होगा। इसमें प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, जिला प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप और सांसद आरके सिंह पटेल रहेंगे।

एयरपोर्ट पर तैयार हवाई पट्टी। अमृत विचार

हवाई अड्डे का मुख्य द्वार। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, लोकार्पण के अवसर पर पहले एक एअरक्राफ्ट को ट्रायल के रूप में उड़ाने की तैयारी की जा रही है। देवांगना घाटी में पहाड़ों के बीच प्रदेश का पहला टेबल टॉप एयरपोर्ट 135 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह उन 15 एयरपोर्टों में से है, जिनका पीएम लोकार्पण करेंगे। 15 एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट पर 9,811 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन विभाग से इसे लाइसेंस भी मिल गया है।

धर्मनगरी में बड़ी संख्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद के मद्देनजर तत्कालीन सरकार ने इसकी परिकल्पना की थी। लगभग 10 साल पहले हवाई पट्टी की योजना धरातल पर लाने की शुरुआत की गई। इसके बाद इसको एयरपोर्ट का दर्जा दिया गया और निर्माण कार्य कराए गए है। निर्माण कार्य लगभग छह माह पहले पूरा हो गया था। एयरपोर्ट के निदेशक विनय गंगेले ने बताया कि प्रदेश का पहला टेबल टॉप देवांगना एयरपोर्ट का शुभारंभ की तिथि तय हो गई है और 10 मार्च वह शुभ दिन है, जब इसका लोकार्पण पीएम करेंगे। लोकार्पण अवसर के लिए एयरपोर्ट अथारटी आफ इंडिया के अधिकारियों ने इसके लिए धर्मनगरी में डेरा डाला दिया है।

रंग लाए डीएम के प्रयास: एयरपोर्ट की शुरुआत होने में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। जिले में आने के बाद से जिस तरह से डीएम ने तीर्थक्षेत्र के विकास के लिए कई उल्लेखनीय और चर्चा वाले काम किए, वह उनकी जिजीविषा भी दिखाते हैं।

20 सीटर एयरक्राफ्ट होगा रवाना

देवांगना हवाई पट्टी से पहले 20 सीटर एयरक्राफ्ट रवाना होगा। एयरपोर्ट निदेशक विनय गंगेले ने बताया कि चित्रकूट से लखनऊ के लिए 20 सीट एयरक्राफ्ट रनवे से रवाना होगा। इसके लिए टिकट की बिक्री भी की जाएगी। एडवांस बिक्री की जाएगी। विशेष जांच व सुरक्षा के साथ यात्रियों को एयरक्राफ्ट में यात्रा कराई जाएगी। इसके लिए चित्रकूट से लखनऊ व लखनऊ से चित्रकूट तक का न्यूनतम किराया लगभग दो हजार पांच सौ रुपये प्रति यात्री होगा।

हवाई अड्डे पर तैयारियों का मुआयना करते डीएम, एसपी और सीडीओ। अमृत विचार

मुआयना कर दिए निर्देश

चित्रकूट देवांगना एयरपोर्ट के वर्चुअल लोकार्पण देखते हुए शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि बचा काम पूरा किया जाए। पूरे क्षेत्र की बढ़िया सजावट कराई जाए। उन्होंने ईओ लालजी को सफाई और दो मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था कराने, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी को टैंकर की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, एयरपोर्ट डायरेक्टर विनय गंगले, प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश कुमार, जेजेएम एसपी लाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

समर्थकों का अति आत्मविश्वास कहीं पड़ न जाए भारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- आरके पटेल को टिकट मिलने के बाद से बहुत हाई है समर्थकों का जोश

अमृत विचार। सांसद आरके सिंह पटेल को भाजपा से दोबारा टिकट मिलने के बाद उनके समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता है। उन्हें पटेल की जीत के प्रति वे पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब लोग यह कहने लगे हैं कि कहीं समर्थकों का यही अति आत्मविश्वास आरके सिंह पटेल पर भारी न पड़ जाए। यह आश्वस्ति पूर्व सांसद और उद्योगपति श्यामाचरण गुप्त के साथ सांसदी के चुनाव में राजनीतिक घटनाक्रम का दुहराव भी साबित हो सकती है।

आरके को टिकट मिलना पार्टी के कई दिग्गजों के अरमानों पर पानी फेर गया है। टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता रामदयाल त्रिपाठी आदि थे। इन नेताओं ने जिस तरह से अपनी सक्रियता दिखाई थी और दीवार-वार में खंभों में इनके नाम नजर आने लगे थे, उससे ऐसा लग रहा था कि टिकट बंटवारे में भी इनका ध्यान रखा जाएगा। पर ऐसा हुआ नहीं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी नेता एक समुदाय के हैं और कुछ लोग तो खुलकर इस बात को कहने लगे हैं कि इस वर्ग का नुकसान भाजपा को होगा। उधर, सांसद शायद इस बात को जानते हों या न जानते हों पर उनके समर्थकों में अभी से यह भ्रम आ गया है कि आरके एक बार फिर सांसद बनने जा रहे हैं। यह हो भी सकता है पर अभी यह अतिआत्मविश्वास घातक भी साबित हो सकता है। याद करिए, उद्योगपति श्यामाचरण गुप्त की कूटनीति उनके जाने के बाद भी अब तक राजनीति में चर्चा का विषय बनी है। उनकी कटोक्तियां, खुलकर बोलने की शैली के कायल आज भी मिल जाएंगे। श्यामाचरण गुप्त ने जब भाजपा से सांसदी का टिकट न मिलने पर इसे छोड़ दिया था और सपा-बसपा के गठबंधन के दौरान साझा प्रत्याशी के तौर पर बांदा से लड़े थे तो कोई यह सोच भी नहीं सकता था कि उनकी हार होगी। उनके समर्थक भी यह मानकर चल रहे थे कि बसपा का परंपरागत वोट और सपा का मुसलमान व यादव का निश्चित मत भाजपा के बागी श्यामाचरण की जीत तय कर देगा। पर ऐसा नहीं हुआ था। बसपा और सपा के लगभग वही वोट श्यामाचरण को मिले थे, जो इससे पहले हुए लोकसभा चुनाव में मिले पर जनता कुछ और तय किए बैठी थी और यही वजह रही कि भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भैरों प्रसाद मिश्र से अधिक वोट मिले और श्यामाचरण को शिकस्त का सामना करना पड़ा। श्यामाचरण (अब दिवंगत) आपसी बातचीत में यह स्वीकार करते थे कि उनसे जनता की नब्ज समझने की गलती हुई। अब लगता है कि यही गलती सांसद आरके के समर्थक करने जा रहे हैं। बातचीत में गुरूर और जीत सा अंदाज लोगों को चुभ भी रहा है और खल भी रहा है। गुरूर किस हद तक है कि विरोध करने वाले लोगों को कम करके आंका जा रहा है। सांसद के एक प्रबल समर्थक की भाषा देखिए, अरे भइया विरोध करने वाले दो वो दीये हैं जो एक सूरज को चुनौती दे रहे हैं...। यहां एक बात और कहनी महत्वपूर्ण है कि भाजपा में भी अंदरखाने एक लाबी है, जो आरके को टिकट मिलने से असंतुष्ट है।

चार आरोपियों पर लगा मिनी गुंडा एक्ट

मानिकपुर। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने चार लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। गुंडागर्दी करने के आरोप में शिवनारायण और जयप्रकाश पुत्र गौरीशंकर निवासीगण पतेरिया, चंद्रशेखर सिंह पुत्र भयंकर और अरुण सिंह उर्फ मिंटू सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासीगण गढ़चपा के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

प्रदर्शनी लगेगी

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों, योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी रविवार से भजन संध्या स्थल सीतापुर में लगेगी।

बांधकर चालक को फेंका, लूटा ट्रक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- सुबह ग्रामीणों ने दी पुलिस को जानकारी, जांच शुरू

अमृत विचार। कार सवार चार बदमाशों ने शुक्रवार रात चालक को बंधक बनाकर फेंक दिया और ट्रक लूट ले गए। सुबह लोगों ने ग्राम चोरहा के कछुहा पुल के पास उसे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ड्राइवर को राजापुर थाना ले गई और ट्रक लूटने वालों की तलाश शुरू की।

कौशांबी के कोखराज थाना के चकिया निवासी ट्रक चालक दिनेश यादव पुत्र अशर्फीलाल ने बताया कि खाली ट्रक लेकर हिनौता से सतना जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोड़ी पोखरी से लगभग छह किमी पहले रात करीब दो बजे पीछे की ओर से एक सफेद रंग की कार आई और ट्रक को ओवरटेक करते हुए आगे लगा दिया। बदमाशों ने जबरन ट्रक को रुकवा लिया और कार से तीन लोग उतरे। ये तीनों ट्रक पर चढ़ गए। उसे हटाकर एक बदमाश स्वयं ट्रक चलाने लगा। इन लोगों ने जीपीएस के बारे में पूछा और फिर कुछ दूर जाकर ट्रक से नीचे उतारकर कार में बैठा लिया। करीब डेढ़ घंटे ये लोग उसे घुमाते रहे और चोरहा पुल के पास हाथ पैर बांधकर नीचे फेंक दिया।

उसने बताया कि ट्रक के अलावा वे लोग चार हजार रुपये, मोबाइल लूट ले गए। किसी तरह हाथ-पैर खोलकर पास में चल रही जेसीबी चालक के पास पहुंचा और उसके फोन से ट्रक मालिक को सूचना दी। बाद में पस्त पड़े चालक को सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। सुबह मुट्ठीगंज प्रयागराज निवासी सौरभ केशरवानी पुत्र राकेश चंद्र राजापुर थाने पहुंचा। यहां उसने तहरीर देकर बताया कि उसकी आर्य फ्रंट करियर नाम से सतना में ट्रांसपोर्ट एजेंसी है। उसके भाई शुभम केशरवानी का ट्रक भी चलता है, जिसे दिनेश यादव चला रहा था। उसकी सूचना पर ही वह यहां पहुंचा है।

उधर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि ग्राम चोरहा के पास पड़े एक युवक की जानकारी मिली थी। पूछतांछ में वह एक ट्रक ड्राइवर निकला। ट्रक मालिक के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सीसीटीवी कैमरों से लगा रहे पता

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। पुलिस चालक को लेकर कौशांबी पहुंची। बाद में वह उसे लेकर प्रतापगढ़ गई। एसओ ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा।

ऐसे आयोजनों से याद आता छात्र जीवन

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव 'परिमल' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र जीवन की याद आ जाती है।

प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ल ने एसपी का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने भी शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि इन कार्यक्रमों में शामिल होने पर आयु 25 वर्ष घटती हुई प्रतीत होती है। एसपी ने समाज में पुलिस की भूमिका को रक्षा एवं सुरक्षा से जोड़ते हुए समाज एवं देश के चौमुखी विकास में उसकी आवश्यकता को रेखांकित किया। प्राचार्य ने कहा कि यह सांस्कृतिक मंच छात्र-छात्राओं में अंतर्निहित प्रतिभाओं को निखारने का एक माध्यम है। शुभारंभ मालती यादव ने सरस्वती वंदना के गायन से हुआ। कल्पना ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की। प्रतिमा और रचना ने राई नृत्य का प्रस्तुत किया। लघु नाटक स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह की वीरता का मंचन प्रांजल एवं शिवांश, घूमर नृत्य प्रतिमा ने किया। हास्य लघु नाटिका से मालती, मंजू, अनुभव, शिवांश एवं उनकी टीम ने लोगों का मनोरंजन किया। संयोजन डॉ. कीर्ति शुक्ला और संचालन सुनील कुमार मिश्रा ने किया।

एसपी अरुण कुमार सिंह का स्वागत करते प्राचार्य। अमृत विचार

- राजकीय महाविद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

थाना दिवस में सुनी गईं समस्याएं

राजापुर। एसडीएम प्रमोद कुमार झा व सीओ निष्ठा उपाध्याय ने थाना समाधान दिवस पर थाना परिसर में लोगों की समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शितापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। भूमि विवाद से में राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम को मौके पर जांच कर निस्तारण करें।

चेकिंग की गई

चित्रकूट। प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में शनिवार को एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने अमावस्या पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग की। रामघाट, रामायण मेला परिसर आदि स्थानों पर सघन पड़ताल की गई।

44,121 मुकदमे निस्तारित हुए

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह- समझौते के आधार पर 44121 मुकदमों का निस्तारण किया गया। न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1438 वादों का निस्तारण करते हुए 14524231 रुपये प्रतिकर के रूप में वसूले गए।

राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) के अपचारियों के बनाए आकर्षक खिलौनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रिदर्शनी की देखरेख में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत राजकीय संप्रेक्षण गृह के किशोर अपचारियों द्वारा ये कलाकृतियां तैयार की गई हैं। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर लंबे अर्से से न्यायालय में मुकदमा लड़ रहे नौ जोड़ों का विवाद समाप्त कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य समझौते के आधार पर अधिक से अधिक लोगों के मुकदमों का निस्तारण कराना है। राजस्व व अन्य विभागों की ओर 42683 मामलों का निस्तारण करते हुए 37982602 रुपये प्रतिकर के रूप में वसूले गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44121 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 5,25,53,083 रुपये अर्थदंड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज व अन्य न्यायिक अधिकारी।

महिलाओं को दी गई जानकारी

बरगढ़। सृजन संस्था ने शनिवार को कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं को आजीविका संवर्धन जल भंडारण एवं प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। कार्यक्रम में महिला स्वरोजगार, किसान उत्पादक समूह पर विस्तार से चर्चा के साथ सामूहिक रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

महाराजाधिराज की महाआरती

चित्रकूट। महाशिवरात्रि पर रात 11 बजे दूसरे प्रहर की भगवान मत्तगजेंद्रनाथ की महाआरती जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने की। जय मिश्रा, मनोज पांडेय, प्रदीपदास आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व महाराजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात में श्रद्धालु उमड़े।

राष्ट्रीय रामायण मेला | मेले के दूसरे दिन हुई विद्वत गोष्ठी में प्रभु राम और भरत के चरित्र पर की गई चर्चा

सीता ने लक्ष्मण को समझाया था रामदल का युद्ध कौशल : ललित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। राष्ट्रीय रामायण मेला के दूसरे दिन मानस मर्मज्ञों के व्याख्यान और सांयकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विद्वत गोष्ठी का संचालन करते हुए डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने बताया कि रामदल का युद्ध कौशल भगवती सीता ने चित्रकूट में अपने देवर लक्ष्मण को समझाया था।

कहा कि चित्रकूट में आदिम काल से ही वानर जो वैश्यानर अर्थात अग्निदूत के नाम से जाने जाते हैं, बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। डा. ललित ने अरण्य प्रिया काव्य की रचना की है। इसमें माता सीता के चित्रकूट में बिताए गए वनवास काल के प्रसंग का उल्लेख है। कहा कि सीता जी ने लक्ष्मण से कहा कि चित्रकूट में अद्भुत बंदर सच में तो ये वैश्यानर हैं। ये पर्वतों और किला पर चढ़ सकते हैं। सागर को नाप सकते हैं। यही लंका को भी ध्वस्त करेंगे। इनसे मैत्री कर लें। हम वनवासी हैं, ये भी वनचर है। साथ निभाने में सहचर सेना को संबल देंगे। पं. राम प्रताप शुक्ला ने कहा कि इसमें श्रोताओं को चार फल धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का बोध होता है। देवेंद्र चौहान रामायणी ने कहा कि भरत जी का शील उनकी विनम्रता, गुण, बड़ाई, भ्रातृत्व प्रेम और भक्ति, भरोसा, भलाई उनके हृदय में व्याप्त आठ महासागर हैं। महाकवि मोहन दुकुन ने कहा कि समस्त ब्रह्मांड शिवमय है। पं. लक्ष्मी प्रसाद शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम इस लोक में माता-पिता की तरह रक्षा करता है और उस लोक में भी हितकारी है। वीरेंद्र प्रसाद शास्त्री ने बताया कि परमानंद का जो आनंद है, वह आनंद ही सर्वोपरि है। सीताराम शरण रामायणी ने कहा कि प्रभु राम का भक्तों से अति प्रेम करने का स्वभाव ही है।

रमेश तिवारी ने कहा कि भगवान राम अति दयालु हैं। वृंदावन के कृष्णानंग शास्त्री, छिंदवाड़ा की वसुंधरा रामायणी ने रामकथा पर प्रवचन किया। संचालन कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने किया।

रामायण मेले में विचार रखते विद्वतजन। अमृत विचार

प्रभु का माल्यार्पण करते कार्यकारी अध्यक्ष। अमृत विचार

इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, शिवमंगल शास्त्री, विनोद मिश्रा, राजाबाबू पांडेय, डा. घनश्याम अवस्थी, मो. यूसुफ, ज्ञानचंद्र गुप्ता, राम प्रकाश श्रीवास्तव, इम्त्याज उर्फ लाला, सत्येंद्र पांडेय, हेमंत मिश्रा, विकास आदि मौजूद रहे।

रामकथा के रसिक हैं हनुमान:डा. कृष्णमणि

हनुमान रामकथा के रसिक हैं। उन्होंने तुलसी को राम से मिलाया। आज हनुमान चालीसा का पाठ घर-घर होता है। ये बातें अयोध्या के डॉ. कृष्णमणि चतुर्वेदी मैत्रेय ने कहीं। हनुमान चालीसा की छठी चौपाई में शंकर सुवन केशरी नंदन नहीं शंकर स्वयं केशरी नंदन पाठ शुद्ध है। स्वयं पाठ केवल हनुमानगढ़ी की दीवार पर लगे मार्बल के पत्थर पर अंकित हैं, जिसे गोरखपुर के रघुनाथ प्रसाद ने रामदास अग्रवाल की स्मृति में तीन सितंबर 1966 को लगवाया था। बताया कि सम्वत 1934 सन् 1877 के हस्तलिखित हनुमान चालीसा में सुवन पाठ मिला अत: शंकर सुवन केशरी नंदन पाठ प्राचीन एवं प्रमाणित है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

स्वारात्मिका इंस्टीट्यूट आफ डांस एंड म्युजिक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। मंजू देवी, पिंकी सरोज और अर्चना ने गणेश वंदना, शिव स्तुति और देवी गीत पर नृत्य किया। मिर्जापुर की मशहूर कजरी विधा पर भी नृत्य प्रस्तुत किया। लखनऊ के कलाकारों ने राम की लीलाओं पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रयागराज की पूजा अग्रवाल ने कथक पेश किया। बृज कृष्णलीला रामलीला संस्था प्रभु श्रीराम की जन्म लीला का मंचन किया। शनिवार सुबह मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व राजाबाबू पांडेय ने आरती कर रामलीला का शुभारंभ कराया। संचालन महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी ने किया।

किसानों को चेक देते सांसद आरके सिंह पटेल। अमृत विचार

तीन दिन में सरकार ने लिया ओलावृष्टि का संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- ओलावृष्टि से पीड़ित 80 किसानों को बांटे डमी चेक

अमृत विचार। तहसील सभागार में ओलावृष्टि से पीड़ित 80 किसानों को सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने प्रतीकात्मक चेक दिए। बताया कि सोमवार तक सभी किसानों के खातों में धनराशि पहुंच जाएगी।

सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओलावृष्टि का तीन दिन के अंदर संज्ञान लिया है। उन्होंने राजस्व विभाग के लेखपालों व अधिकारियों को निर्दश दिए कि अधिकाधिक किसानों को लाभ दिलाएं। सरकार किसानों को आर्थिक सहायता देना चाहती है, बस आपकी रिपोर्ट जरूरी है। उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने बताया कि गांवों में सर्वे का काम चल रहा है। रिपोर्ट आने पर प्रत्येक पीड़ित किसान के खाते में बिना किसी भेदभाव के धनराशि भेजी जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार वाचस्पति सिंह व नायब तहसीलदार मंगल यादव, हिमांशु द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि, किसान आदि मौजूद रहे।

एक नजर

कन्या भोज में मधुमक्खियों का हमला, 11 जख्मी

बांदा : मर्का थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में गांव के कुछ लोगों ने बगहा के बरमबाबा धार्मिक स्थान में शुक्रवार को मुंडन व कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया था। जब मुंडन के बाद कन्या भोज कार्यक्रम चल रहा था। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे वहां भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के हमले से कामिनी (10), अनमोल (5), अंकुश (3), डिंपल (5), कृष्णा (4), खुशी (3), रानी (7), लालजी (28), ओमकार (35) स्वामी (10), पवन कुमार (5) समेत सभी 11 लोग गंभीर हो गए। आसपास के लोगों ने देखा तो बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

युवती को ब्लैकमेल कर रहा युवक, मामला दर्ज

बांदा : कोतवाली नगर के कालुकुआं निवासी एक युवती ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया है कि गिरवां थाना क्षेत्र के जमरेही निवासी युवक दो साल से फोन पर ब्लैकमेल कर उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। पिछले वर्ष भी इस युवक ने फोटो वायरल किया था और अब दोबारा फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। कुछ माह पहले जान से मारने की धमकी भी दी थी। अगले महीने उसकी शादी तय है।

फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसा

बांदा : फाल्ट ठीक करते समय करंट लग जाने से लाइन मैन झुलसता हुआ खंभा से नीचे आ गिरा जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मर्का थाना क्षेत्र के पिंडारन गांव निवासी मनीष (25) पुत्र भूरा संविदा में लाइनमैन है। शनिवार की दोपहर वह खंभे में चढ़कर फॉल्ट ठीक कर रहा था। तभी करंट लग जाने से वह झुलसता हुआ खंभे से नीचे आ गिरा, जिससे वह झुलस गया। उसे पीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घर जा रहा संग्रह अमीन दुर्घटना में घायल

नरैनी : तहसील में संग्रह अमीन पद पर तैनात रामआसरे (55) निवासी गणेशन पुरवा अपनी बाइक से घर जा रहा था, तभी गहरा आरा मशीन के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार कर घायल दिया। राहगीरों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। घायल अमीन को देखने के लिए नायब तहसीलदार हेमंत पटेल अस्पताल पहुंचे।

ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ घायल

नरैनी : कोतवाली क्षेत्र के महुटा निवासी चुनबाद (55) पुत्र सिनकुआ शुक्रवार की रात निमंत्रण में पनगरा गांव गया था। आज वापस ई-रिक्शा में बैठकर अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जेवर भरा टिफिन गायब

नरैनी : गंगापुरवा निवासी अभिलाषा पत्नी ललित किशोर पाठक ने बताया कि वह चित्रकूट जाने के लिए बस में बैठी और अपने बैग को चेक किया तो उसमे जेवरों से भरा टिफिन नहीं था। उसने बस से नीचे उतरकर लोगों से पूछा तो कुछ लोगों ने बताया कि चार-पांच महिलाएं बैग से सामान निकालकर भाग गई हैं। टिफिन में उसका हार, जंजीर, मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान के टॉप्स, छह जोड़ी पायल, दो अंगूठी, तीन नाक के फूल, दो जोड़ी बाली नाक की और 30 हजार रुपए नकद थे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

परीक्षा देकर बाइक से लौट रहे छात्रों को ट्रक ने कुचला, एक की हुई मौत

बिसंडा थाना क्षेत्र के नहर पटरी के पास हुआ हादसा, बाइक सवार दोनों फुफेरे भाई थे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: परीक्षा देकर बाइक से आ रहे दो छात्रों को ट्रक ने कुचल दिया। इसमें एक छात्र की मौके पर मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कस्बा के शिवाजी चौराहा निवासी गुलाम कादिर (18) पुत्र मुजीबुर्रहमान अपने फुफेरे भाई परवेज (18) पुत्र मोहम्मद रफीक के साथ बबेरू स्थिति इंटर कालेज में 12वीं पढ़ता था। इन दिनो परीक्षा चल रही थी। सेंटर बिसंडा इंटर कालेज गया था।

शनिवार को गुलाम कादिर का कामर्स बीजो उत्पादन का पेपर था। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनों लोग बाइक में बैठकर बांदा आ रहे थे। तभी बिसंडा नहर पटरी के पास सामने से गिटटी भरकर आ रहे ट्रेलर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। गुलाम कादिर बाइक से छिटककर ट्रक के पहिया के नीचे घुस गया। जिससे वह कुचल गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परवेज गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेस के जरिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे के बाद मौके से भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस हिरासत में ले लिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई अब्दुल रसूल ने बताया कि गुलाम कादिर के पिता मुरवल में कपड़ा की दुकान किए है। वह दो भाईयो बड़ा था। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनो लोग बांदा कपड़ा लेने आ रहे थे।

तभी यह हादसा हो गया। अचानक हुई इस घटना से मां शबानाज समेत परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

चार माह पहले ही चाचा ने खरीदी थी बाइक

- मृतक गुलाम कादिर पढाई के अलावा पिता के साथ कपड़े की दुकान में हाथ बटाता था। मृतक के चचेरे भाई अब्दुल रसूल ने बताया कि चार माह पहले मृतक के चाचा अब्दुल गनी ने बाइक खरीदी थी। वह प्रति दिन बाइक लेकर परीक्षा देने आता था। शनिवार को यह हादसा हो गया।

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार ठेकेदार घायल

- **बांदा :** शहर के संकट मोचन मंदिर के पास टैंपो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमीरपुर जिला के पारालदार गांव निवासी भवानीदीन (45) पुत्र जयराम मकान बनवाने की ठेकेदारी करता है। शनिवार की दोहपर वह बाइक से साइड देखने जरैली कोठी जा रहा था। तभी संकट मोचन के पास सामने से आ रही टैंपो ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद टैपो समेत चालक मौके से फरार हो गया।

आमने-सामने टकराईं बाइक, युवक की मौत

बांदा : दो बाइको की भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी ताहिर (42) पुत्र पच्चू बगिया की देख रेख का ठेका लेता था। उसने अतर्रा और बदौसा के बीच बगिया लिया था। वह शुक्रवार की रात अतर्रा से बाइक लेकर बगिया जा रहा था। तभी बगियां के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी भिडंत हो गई। जिससे ताहिर की मौके पर मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले पप्पू ने बताया कि ताहिर अपने पिता की इकलौती संतान था। उसके तीन बहने है। मृतक अपने पीछे पत्नी मुन्नी के अलावा दो पुत्र दो पुत्री छोड़ गया है।

जिपं अध्यक्ष बोले विद्यालयों का होगा कायाकल्प

बबेरू : कस्बे के मुनीम सिंह भारतीय एजुकेशन सेंटर के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल व ब्लाक प्रमुख रमाकान्त पटेल ने दीप जलाकर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि जहां-जहां विद्यालयों में आने-जाने की दिक्कतें हैं, वहां कायाकल्प योजना से विद्यालय का विकास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सड़कों व अन्य व्यवस्थाओं से विकास कराया जाएगा जिसमें धन की कमी नहीं होगी। शिक्षक ही बच्चों के भविष्य का संवारने का काम करते हं और यही बच्चे आगे पढ़कर अपने गांव व जिला का नाम रोशन करते हैं। आए हुए अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण का किया गया, ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल ने कहा कि जो भी ग्राम पंचायत से विकास कार्य होंगे विद्यालय के लिए कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश द्विवेदी ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामफल त्यागी, बाकल प्रधान राजेश निषाद, कौशल किशोर हिमांचल यादव, सदीप कुमार, गयादीन, आकाश, एआरपी कुलदीप सिंह, चन्द्रप्रकाश गुप्ता विनोद कुमार पांडेय, शिक्षक ब्रजकिशोर अग्निहोत्री, सुरेश द्विवेदी, श्रीधर गुप्ता, आराधना गौतम, राकेश शिवहरे आदि थे।

लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन करते गण्मान्य नागरिक। अमृत विचार

प्रतियोगिता की तैयारी के लिए पचनेही गांव में खुली लाइब्रेरी

- गांव में जन्मे आरटीओ राजेश सिंह का रहा निजी प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: जनपद के पचनेही में जन्मे संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने अपने माता-पिता के नाम से गांव तथा आसपास के बच्चों के पढ़ने के लिए स्वयं के संसाधन से एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई है। वे स्वयं यूपीएससी के बच्चों को तैयारी कराते हैं। उन्हें गाइड करते हैं। उनकी सारी सेवाएं निःशुल्क रहती है। समय-समय पर वे पढ़ते भी है। आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, आईआरएस जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं में इस गांव का बड़ा योगदान है।

1993 बैच के परिवहन सेवा के अधिकारी राजेश सिंह अपने माता-पिता को अपना आदर्श मानते हैं। पचनेही गांव में कई इंटर कॉलेज हैं। डिग्री कॉलेज हैं, लॉ कॉलेज हैं लेकिन तैयारी करने के लिए लाइब्रेरी नहीं थी। इस गांव में जन्मे प्रतिभाशाली देश की प्रतिष्ठित सेवा में हैं। शनिवार को राजेश सिंह ने जनपद के गणमान्य नागरिकों के साथ इस पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आयुक्त मूलचंद यादव ने की। इस मौके पर अन्य प्रतिष्ठित जन भी उपस्थित रहे। राजेश सिंह ने कहा कि सभी को अपने बच्चों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन सतना नरेन्द्र सिंह, डॉ.गयाप्रसाद त्रिपाठी, पीपी सिंह, रामदेव दीक्षित, सुधीर सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, मयंक खरे, प्रेम सिंह, राम सिंह कछवाह, रमजोर सिंह चंदेल, जयराम सिंह, राजाबाबू त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह आदि रहे।

विजेता को पुरस्कार देते आयोजक। अमृत विचार

बैडमिंटन में शुभम द्विवेदी ने अर्जित किया दोहरा खिताब

- 5 से 8 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुईं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : वर्ष 2023-24 में सीनियर पुरुष-महिला जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बैडमिन्टन पुरुष वर्ग में शुभम द्विवेदी ने दोहरा खिताब अर्जित किया। जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सीनियर वालीबॉल पुरुष वर्ग, फुटबॉल पुरुष वर्ग, हॉकी पुरुष वर्ग एवं बैडमिन्टन खेल में पुरुष-महिला वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 से 8 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्णायकों की देखरेख में सकुशल सम्पन्न हुईं।

सीनियर वालीबाल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 5 मार्च से आयोजित हुईं, जिसमें 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें स्टेडियम बांदा टीम विजेता एवं गोयरा मुगली टीम उप विजेता रही। सीनियर फुटबॉल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 6 मार्च को आयोजित हुई, जिसमें 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें स्टेडियमबांदा टीम विजेता एवं सेट जार्ज एफ सी टीम उप विजेता रही। इसी तरह सीनियर हॉकी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 7 मार्च को आयोजित हुई, जिसमें 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में स्व.जितेन्द्र शर्मा हॉकी एकेडमी टीम विजेता एवं राइफल क्लब टीम उप विजेता रही। सीनियर पुरुष-महिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता 7 व 8 मार्च को आयोजित हुई, जिसमें बालिका खिलाड़ी व बालक खिलाड़ी कुल 75 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें महिला वर्ग एकल विजेता खुशी खान, उप विजेता श्रेया गुप्ता, महिला वर्ग युगल- विजेता-श्रेया गुप्ता व तान्या, उप विजेता-माण्डवी व आराध्या, पुरुष वर्ग एकल- विजेता शुभम द्विवेदी, उप विजेता-कृष्णा सिंह गौतम, पुरुष वर्ग युगल विजेता शुभम द्विवेदी व आयुष नारायण, उप विजेता-कृष्णा सिंह गौतम व अंकित सिंह रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में 5 से 8 मार्च तक प्रतिभाग करने पर विजेता, उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों एवं सभी खेलों के निणायकों को पुरस्कार वितरण शनिवार शाम मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि रजत वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर ने किया। प्रतियोगिता का संचालन उप क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने किया। वालीबॉल खेल प्रतियोगिता शिवकुमार गुप्ता आदि रहे।

चाची-भतीजी को किराए के लिए पीटा

बांदा : भाड़े के विवाद में युवक ने लोहे की राड़ से चाची व भतीजी को पीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। शहर के सुतरखाना निवासी रानी (50) पत्नी हरिकिशन अपने मकान का निर्माण करवा रही है। उसने पड़ोसी की ट्रेडर्स की दुकान से सीमेट गिटटी लिया है। शुक्रवार को कुछ गिट्टी घट गई थी। उसने पड़ोसी दुकानदार को एक ट्राली गिट्टी डलवाने के लिए कहा था। दुकानदार के कहने पर जरैली कोठी से एक ट्राली गिट्टी आ गई। गिटटी खाली होने के बाद रानी ने गिटटी का रुपया दुकानदार को दे दिया। इसी बात से नाराज होकर ट्रैक्टर चालक ने लोहे की राड़ से रानी को पीटना शुरू कर दिया। चाची को पिटता देख भतीजी सोनी (30) पत्नी बच्चा बचाने आई तो उसे पीटकर घायल कर दिया। दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भाजपा शासन में व्यापारी वर्ग का अधिक उत्पीड़न

शहर के डिग्गी चौराहे पर समाजवादी पार्टी का पीडीए व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: शहर के डिग्गी चौराहे पर आयोजित सपा के पीडीए व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों ने एक स्वर से भाजपा शासित केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने भाजपा की सरकार में व्यापारियों के सर्वाधिक उत्पीड़न का मुद्दा बुलंद किया। कहा कि अब समय आ गया है जब व्यापारियों को भाजपा की केंद्र शासित मोदी सरकार को हटाने का संकल्प लेना होगा।

शनिवार को समाजवादी व्यापार सभा के तत्वावधान में प्रदेश सचिव व पूर्व नगर पालिका चेयरमैन के डिग्गी चौराहा स्थित आवास में पीडीए व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने भाजपा की मोदी-योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि भाजपा की सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न का शिकार व्यापारी वर्ग ही हुआ है। अब चुनाव के दौरान व्यापारियों को अपनी ताकत का अहसास कराने को तैयार रहना होगा।

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि बांदा-चित्रकूट लोकसभा से सपा के अधिकृत उम्मीदवार पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। कहा कि वह आम जन मानस की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। बताया कि जब-जब वह चुनाव मैदान में उतरे हैं उन्होंने कभी भी जनता को निराश नहीं किया है। वह खुद जनता के दरवाजे पर खड़े होकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करते हैं।

व्यापार सभा के प्रदेश सचिव पूर्व चेयरमैन मोहन साहू ने कहा कि भाजपा की सरकारें धर्म और संप्रदाय के नाम पर लोगों में भ्रम पैदा करती हैं और देश को बांटने का काम करती हैं। कहा कि आम जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा तरह तरह के पैतरे इस्तेमाल करती है, लेकिन अब जनता भाजपा की पैतरेबाजी को समझ चुकी है और केंद्र से भाजपा की सरकार को हटाने के लिए कमर कस चुकी है।

सम्मेलन को प्रदेश सचिव डा.अजय चौरसिया, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, मुन्नीलाल निषाद आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्येंद्र गुप्ता व अंसार अहमद सिद्दीकी ने किया। सम्मेलन में व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव संजय निगम अकेला, शिवकरण पाल, राकेश गुप्ता, मैकूलाल चौरसिया, महेंद्र यादव, हिमांशु वैश्य, सौरभ लक्षकार, आत्माराम यादव, लालमन यादव, नेतराम वर्मा, नंदू यादव, आनंद शिवहरे, आर्यन साहू, आकाश साहू, पवन साहू, गुलशन साहू,अनमोल जड़िया समेत तमाम व्यापारी नेता शामिल रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

यात्रियों को ट्रेनिंग में हज यात्रा के टिप्स दिए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: हज की यात्रा पर जाने वाले चित्रकूट धाम मण्डल के हज यात्रियों के लिए पहला ट्रेनिंग कैंप का आयोजन शनिवार को नरैनी रोड स्थित मिस्कीन शाह वारसी की दरगाह के बगल में स्व. डॉक्टर अनवारुलहक के आवास में आयोजित किया गया। इस हज ट्रेनिंग कैंप में आधा सैकड़ा से ज्यादा महिला-पुरुष हज यात्रियों को मदीना सोसाइटी हज एंड उमरा के मुख्य ट्रेनर अल्हाज गुलाम मुस्तफा ने ट्रेनिंग दी।

गुलाम मुस्तुफा ने बताया हज में जाने वाले हज यात्रियों को सऊदी सरकार के नियम कानून, वहां के तौर तरीको के बारे में बताया गया, ताकि हमारे किसी हाजी को कोई दिक्कत न हो भारत सरकार के द्वारा सऊदी में हज यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। 42 दिन की यात्रा के दौरान कहां-कैसे इबादत करनी है। इबादत के दौरान क्या-क्या चीजें ज़रूरी हैं। इन सब बातों की जानकारी दी गई। ताकि हज जाने वाले यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। कैम्प में ट्रेनिंग के बाद हज यात्री स्व. अनवारुलहक की पत्नी नसीम बेगम और उनके पुत्र डा. अरमानुलहक, ज़ीशानुलहक व अफ्शानुलहक ने तमाम हज यात्रियों को तोहफे बांटे और हज की यात्रा के दौरान दुआ की दरख्वास्त की। ट्रेनिंग कैंप में हज यात्रियों के साथ साथ हाजी मोहम्मद फारूक, हाजी हसनुद्दीन सिद्दीकी, हाजी ज़ाहिद अली आदि थे।

सार-संक्षेप

बच्चों के साथ थानाध्यक्ष पंकज सिंह। अमृत विचार

शैक्षिक-बौद्धिक भ्रमण में थाने पहुंचे बच्चे

अतर्रा (बांदा)। स्कूली छात्रों के बच्चों के बौद्धिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चों को थाना परिसर से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। शनिवार को कस्बे के किडजी विद्यालय के नौनिहाल बच्चों शैक्षिक व बौद्धिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर पहुंचे तो थाने में थाना अध्यक्ष पंकज सिंह ने बच्चों को फायर ब्रिगेड से लेकर अग्निशमन आदि मामलों में थाने में कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों को महिला डेस्क समेत विभिन्न जानकारियां बच्चों को दी। बच्चों को टॉफी और चॉकलेट भी वितरण किया, जिससे बच्चे फूले नहीं समाए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुधा पांडेय, अध्यापक रोहिणी वर्मा व स्वाति गुप्ता ने थाना परिसर के विभिन्न क्षेत्र की जानकारी देकर बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की जागरूकता में वृद्धि होती है और उनमें आत्मविश्वास जागता है।

लखनऊ रवाना होते होमगार्ड्स। अमृत विचार

आपदा मित्र प्रशिक्षण को 55 होमगार्ड्स लखनऊ रवाना

बांदा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय के अनुपालन में बांदा से आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आपदा मोचक बल लखनऊ में 10 से 21 मार्च तक की अवधि के लिए 50 पुरुष व 5 महिला होमगार्ड्स को शनिवार को प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई बस से भेजा गया है। प्रशिक्षण में भेजे गए होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने जिला होमगार्ड्स कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कमांडेंट राजेंद्र सिंह आदि रहे।

टिपिंग प्वाइंट एक शोधपत्र का निष्कर्ष, 160 गैरसरकारी संगठन संयुक्त रूप से कर रहे इस दिशा में धरातल पर काम

शिक्षा 18 वर्ष तक अनिवार्य हो तो लगेगी बाल विवाह पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : बाल विवाह की बुराई के 2030 तक खात्मे की राह में टिपिंग प्वाइंट की तरफ आगे बढ़ रहा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु है, जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म हो जाएगा। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक शिक्षा मुफ्त के साथ अनिवार्य कर दी जाए तो बाल विवाह को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

यह अहम निष्कर्ष एजुकेट टू इंड चाइल्ड मैरिज एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एट एट मैरिज फॉर गर्ल्स इन इंडिया नामक एक शोधपत्र में निकला है। शोधपत्र के अनुसार 18 वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा, 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट संबंध है। यह कानून बने तो देश में बाल विवाह के खिलाफ जारी लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित होगा। देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 160 गैरसरकारी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस अध्ययन की अगुवाई कर रहे पुरुजी प्रहराज ने कहा कि यद्यपि केंद्र व राज्य सरकारें दोनों ही बाल विवाह के खात्मे के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और गंभीरता के साथ काम कर रही हैं।

सरकार यदि शिक्षा के अधिकार कानून में बदलाव कर शिक्षा 18 वर्ष तक शिक्षा अनिवार्य और निःशुल्क कर दी जाए तो यह बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में प्रयासों को नई गति दे सकता है। इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए बाल विवाह की ऊंची दर वाले 300 से ज्यादा जिलों में इसके खिलाफ जमीनी अभियान चलाया जा रहा है। गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन ने पिछले छह महीनों के दौरान देश में 50 हजार से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। 10 हजार से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। इसने पूरे देश में कुछ बाल विवाहों के पांच फीसद विवाह रुकवाने में कामयाबी हासिल की है।

बाल विवाह पर चर्चा करते आयोजक। अमृत विचार

सरकार ने इच्छाशक्ति जताई, लेकिन धार देने की जरूरत

- जिले में इस शोधपत्र के निष्कर्षों को जारी करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहयोगी संगठन ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान ने कहा है कि यद्यपि केंद्र व राज्य सरकार ने इस सामाजिक अपराध के खात्मे में अपनी इच्छाशक्ति दिखाई है। फिर भी बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए कुछ और अहम कदम उठाने की दरकार है। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे उनकी इस मांग को आगामी लोकसभा के अपने चुनावी घोषणापत्र में इसे शामिल करें।

सर्वे में 23.3 प्रतिशत का विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23 .3 प्रतिशत लड़कियों के विवाह उनके 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले हो जाते हैं। जबकि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार हर तीन में से दो लड़कियों का विवाह 15 से 17 वर्ष उम्र के बीच हो जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि कुल 52 लाख में से 33 लाख लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की आयु होने से पहले ही हो गया।

एक नजर

अवैध तमंचा सहित दो अभियुक्त धरे गये

महोबा। थाना महोबकंठ पुलिस टीम और थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने अलग अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। महोबकंठ थाना प्रभारी राधेश्याम वर्मा द्वारा उपनिरीक्षक सुभाष सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत महेंद्र निवासी ग्राम इटौराबुजुर्ग महोबकंठ को ग्राम के पास से अवैध तमंचा और कारतूस समेत पकड़ा गया। उधर थाना कुलपपहाड़ प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र द्वारा उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने पंचमुखी चौराहा के पास से अभियुक्त साहब सिंह निवासी ग्राम अकौनी अजनर को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

चोरों ने सोने- चांदी के आभूषण उड़ाये

महोबा। ग्राम पहाड़िया में चोरों ने रात्रि को एक मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी में रखे सोने चांदी के अभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया और परिजन सोते रहे। सुबह गृहस्वामी के जागने पर अलमारी का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए और पुलिस को घटना की सूचना दी।

ट्रक की टक्कर से छात्र की हुई मौत, जाम

300 मीटर तक बाइक और बाइक सवार घिसटे, गुस्साए ग्रामीणों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अधिकारियों ने किसान दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाए जाने का आश्वासन दिया तब खुला जाम

अमृत विचार। अजनर श्रीनगर मार्ग पर ग्राम अकौना तिराहे के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक ट्रक में फंस गई, बाइक सवार बाइक समेत तीन सौ मीटर दूर तक ट्रक में घसीटते चले गए। बाद में बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक घटना स्थल से ट्रक लेकर भागने लगा। तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दुर्घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने श्रीनगर मार्ग पर जाम लगा दिया। बाद में अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला गया। युवक की मौत के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम अकौना निवासी किशनलाल का पुत्र कुंजीलाल (19) शनिवार को बाइक से श्रीनगर की तरफ जा रहा था, तभी अकौना तिराहे के पास पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने उसे क्रास करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार बाइक समेत ट्रक में फंस गया और करीब 300 मीटर तक घिसटता हुआ चला गया और सड़क पर गिरते ही ट्रक युवक पर चढ़ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे और भाग रहे ट्रक चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन युवक का शव देखकर देखकर बेहाल हो गये।

कुंजीलाल।

ग्रामीणों को समझाते सीओ और एसडीएम। अमृत विचार

मां फूला और पिता कौन्जीलाल मजदूरी के लिए बाहर गए हैं, जिन्हें फोन पर सूचना दे दी गई है। मृतक बीए फाइनल का छात्र था, । दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने अजनर श्रीनगर मार्ग जाम कर दिया, जाम लगने की सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद और पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाया, लेकिन ग्रामीण एक नहीं माने, बाद में एसडीएम ने कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये दिलाए जाने का आश्वासन दिया, इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। करीब दो घंटे तक जाम लगने से तमाम वाहन जाम में फंस गए, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

कुएं में गिरने से किसान की गई जान

महोबा। कस्बा चरखारी के मोहल्ला रहुनिया निवासी एक किसान शराब के नशे में होने के कारण खेत में बने कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली चरखारी के मोहल्ला रहुनिया निवासी सुरेंद्र सिंह (23) पुत्र हीरा सिंह खेती का कार्य करता था, वह शराब का लती था। आज कल खेतों में फसल की कटाई चल रही थी, जिससे वह खेतों पर काम करने के लिए गया था, तभी कुएं में पानी लेने के लिए गया, लेकिन अचानक शराब पीने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुए में गिर गया। काफी देर बाद किसानों ने उसे कुएं के पानी में उतराता देखा, तो वहां पर अफरा तफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस न शव को कुएं से बाहर निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक सप्ताह से गायब किशोरी स्टेशन पर मिली

संवाददाता, जैतपुर

- पुलिस व माता पिता के काफी प्रयास के बाद भी किशोरी ने नहीं बताया प्रेमी का नाम

अमृत विचार। एक सप्ताह पहले घर से गायब किशोरी को स्थानीय पुलिस ने बेलाताल रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है, जबकि उसका प्रेमी मौके से भाग निकला। पुलिस ने किशोरी को पुलिस चौकी बेलाताल में बैठा लिया है और पूछताछ की जा रही है, लेकिन किशोरी ने अपने प्रेमी का नाम नहीं बताया। माता पिता द्वारा किशोरी को साथ ले जाने वाले प्रेमी का नाम बताने के लिए दबाव डाला गया, लेकिन किशोरी ने नाम नहीं बताया।

विकासखंड जैतपुर के एक ग्राम पंचायत निवासी 14 वर्षीय किशोरी 03 मार्च को माता पिता के निमंत्रण पर जाने और उसकी दो छोटी बहनों के सो जाने के बाद किशोरी रात के समय प्रेमी के साथ भाग गई थी। गांव के एक युवक से फोन पर बात करने की भनक पर उसके घर वालों ने पुलिस चौकी जैतपुर में गांव के ही युवक से बात करने की सूचना दी। पुलिस ने उस युवक को पकड़ लिया, जिस पर उसने रेलवे स्टेशन बेलाताल पर किशोरी के बैठे होने की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस रेलवे स्टेशन जा धमकी।

पुलिस को दूर से आता देख किशोरी के आसपास घूम रहा प्रेमी खिसक गया, बाद में पुलिस किशोरी को अपने साथ पुलिस चौकी बेलाताल ले आई, जहां पर किशोरी से पूछताछ की जा रही है। किशोरी किसके साथ गई थी इसकी जानकारी मांगने पर किशोरी ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। मां बाप भी तीन घंटे तक पुलिस चौकी में अपनी बेटी से सच्चाई बताने के लिए दबाव डालते रहे, लेकिन किशोरी ने कुछ नहीं बताया, बाद में उसके माता पिता किशोरी को अपने साथ घर ले गए।

बुंदेलों ने पीएम को खून से लिखे खत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा की 76वीं जयंती शनिवार को आल्हा चौक स्थित आंबेडकर पार्क पर बुंदेलखंड दिवस के रूप में मनाई गयी। बुंदेली समाज ने बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर 36वीं बार एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने अपने खून से खत लिखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को डाक द्वारा भेजा ।

आल्हा चौक स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बुंदेली समाज के एक दर्जन से अधिक साथियों ने आज खत लिखने के लिए अपना खून दिया और जय जय बुंदेलखंड, जय जय भारत अखंड के नारे लगाए। कार्यक्रम में बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि हमारे पास संसाधन नहीं हैं, इसलिए हम अपने खून से प्रधानमंत्री को खत लिखते हैं। हम बुंदेले अब करेंगे पूरा, शंकर भैया का मिशन अधूरा। कोरोना काल शुरू होने से पहले 635 दिन अनशन कर चुके बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि शंकर भैया का मिशन अधूरा, हम बुंदेले अब करेंगे पूरा।

खून से लिखे खत दिखाते बुंदेली समाज के लोग। अमृत विचार

- बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक की जयंती पर खून से खत लिखकर पीएम को भेजे

कार्यक्रम में महामंत्री डा. अजय बरसैया, योगी आदित्यनाथ यूथ ब्रिगेड के वैभव तिवारी, गया प्रसाद, अमरचंद विश्वकर्मा, हरीओम निषाद, भीष्म देव सेन, कृष्णा शंकर जोशी, सिद्धगोपाल सेन, हरीओम ताम्रकार, अजय मिश्र, रमाकांत नगायच व सुरेश बुंदेलखंडी समेत तमाम बुंदेली जन मौजूद रहे।

पठा फीडर से दिन भर नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बिजली आपूर्ति ठप रहने से इलेक्ट्रॉनिक बाजार में कारोबार प्रभावित हुआ

अमृत विचार। विद्युत वितरण खंड महोबा के अंतर्गत आने वाले 33 और 11 केवी विद्युत उपकेंद्र पठा में स्थापित परिवर्तक 05 एमवीए की क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए का पावर परिवर्तन स्थापित करने के कारण शनिवार को शहर की सारा दिन बत्ती गुल रही, जिससे इलेक्ट्रानिक कारोबार से जुड़े कारोबारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। तमाम फोटोकापी, कैफों की दुकानों में बिजली न आने से ताले लटक गए। दुकानदार शाम को पांच बजे तक बिजली के इंतजार में बैठे रहे, बाद में दुकानों को बंद कर घर चले गए।

गौरतलब है कि सुबह दस बजे से पठा फीडर में पांच एमवीए की क्षमता में वृद्धि कर दस एमवीए करने के लिए 33 और 11 केवी विद्युत उपकेंद्र पठा में बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा काम शुरू कर दिया गया। काम शुरू होते ही पठा फीडर की बिजली बंद कर दी गई, जिसके चलते शहर के मोहल्ला भटीपुरा, शेखूनगर, समदनगर, मकनियापुरा, बड़ीहाट, रजानगर, आफिसर्स कलोनी, हमीरपुर चुंगी, कलेक्ट्रट क्षेत्र सहित ग्राम शाहपहाड़ी की बिजली आपूर्ति सुबह से देर शाम तक ठप रही, जिसके चलते आरा मशीन, बैल्डिंग मशीन, फोटोकाफी, कैफे, कम्प्यूटर आदि की दुकानें बंद रहीं। हालांकि बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता ने पूर्व में ही आठ घंटे तक पठा फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद किए जाने की जानकारी दे दी थी।

महिलाओं को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। ग्रामोन्नित संस्थान महोबा के तत्वावधान शनिवार को विश्व महिला दिवस के मौके पर एक गोष्ठी आयोजित की गई, जहां पर महिलाओं को उनके अधिकारों और हो रहे उत्पीड़न शोषण को रोकने के लिए जानकारी दी गई साथ ही उन्हें जागरूक भी किया गया। गोष्ठी में महिलाओं को अपनी अपनी बच्चियों को शिक्षा दिलाने के लिए भी प्रेरित किया गया, जिससे वह आगे जलकर स्वावलंबी बन सकें और अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।

ग्रामोन्नित संस्थान की निदेशक कल्पना खरे ने कहा कि अब देश में महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होने लगा है। अधिकारों के साथ-साथ उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना होगा, तभी महिलाएं आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं भी पुरुषों की तरह ट्रेन और हवाईजहाज चला रही हैं।

गोष्ठी में मौजूद ग्रामोन्नित संस्थान की निदेशक व अन्य। अमृत विचार

- विश्व महिला दिवस पर आयोजित की गई गोष्ठी

जिला अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि पहले के जमाने में महिला घर से बहार नहीं निकल पाती थी तथा उन्हें शिक्षा का अधिकार भी नहीं था। अब जमाना बदल गया है तथा घर घर महिला शिक्षा के प्रति जागृति देखी जा सकती है। शहरों में अब शत प्रतिशत महिलाएं शिक्षित हो रही हैं। लेकिन गांवों में भी अब स्थिति बदल चुकी है और वहां पर भी शिक्षा के प्रति सहानुभूति रखते हुए महिला शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है ।

जानवर ने पांच दर्जन भेड़ों को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जंगली जानवर ने करीब 30 भेड़ों को मारा और 25 से ज्यादा को किया जख्मी

अमृत विचार। महोबकंठ थाना क्षेत्र के ग्राम नैपुरा में एक पशुबाड़े में बंधी लगभग पांच दर्जन भेड़ों को जंगली जानवर ने निशाना बनाया। जंगली जानवर ने भेड़ों को खाने की नियत से हमला करते हुए करीब 30 भेड़ों को मार दिया जबकि 25 से ज्यादा भेड़ों को घायल कर भाग गया। पशुपालक सुबह पशुबाड़ा गया तब उसे जानकारी हुई।

थाना महोबकंठ अंर्तगत ग्राम नैपुरा निवासी वीरेंद्र पाल ने अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती रात्रि वह अपनी भेड़ों को पशुबाड़े को बंद कर सोने चला गया, तभी उसके पशुबाड़े में जंगली जानवर घुस गया और पशुबाड़े में बंधी उसकी भेड़ों पर हमला करते हुए 30 भेड़ों को निशाना बनाया और करीब 25 अन्य भेड़ों को नोच खचोट कर घायल कर भाग गया। पशुपालक सुबह जब पशुबाड़े में पहुंचा तो जैसे ही दरवाजा खोला तो जमीन पर खून से लथपथ भेड़ों को देख उसके पैरो तले जमीन खिसक गई।

पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है और घायल भेड़ों के उपचार के लिए पशु डाक्टर को सूचित किया गया। वहीं पीड़ित पशुपालक ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

जलाभिषेक व रुद्राभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, पनवाड़ी महोबा

अमृत विचार। महाशिवरात्रि पर्व पर ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। श्रीनगर और अजनर गांव में भी महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की, जहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। रुद्राभिषेक के साथ साथ कन्या भोज और हवन सारा दिन चलते रहे। अजनर के बाबा कुआं शिव मंदिर, जटेरा मुहाल शिव मंदिर, सिद्धबाबा शिव मंदिर सहित तमाम शिवालयो में रुद्राभिषेक, हवन और भंडारे की धूम रही। श्रीनगर में भी भक्तों ने शिवालयों में पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

वहीं ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। बारात कस्बे के तिवारीपुरा स्थित छोटी कुटि से आरम्भ हुई, जो परम्परागत मार्गों से होती हुई बाजार के शिव मंदिर पहुंची जहां पर प्रभु शिव शंकर और पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान पूरा नगर प्रभु भोलेनाथ के उद्घोष से गूंज उठा। शिव बारात का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया।

मंदिर में पूजा करते भक्त।

शिव बारात में शिव, पार्वती और गणेश का रूप धारण किए भक्त।

- धूमधाम से निकाली गई शिव बारात, भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु

कस्बा पनवाड़ी में परंपरागत तरीके से महाशिवरात्रि पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की बहनों द्वारा भव्य झांकी सजाई गई, झांकियों में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय समेत पूरा शिव परिवार रहा और प्रभु शंकर के भक्त रहे वहीं प्रभु भोलेनाथ की बारात का कस्बे में पानी, शर्बत, चाय, हलवा, ठंडाई से स्वागत किया गया। भोले बाबा की बारात में झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही और बैंड बाजे के साथ घोड़े भागड़ा डीजे पर भगवान के भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे।

बारात मेन बाजार शिव मन्दिर पहुंची जहां समाजसेवी रामलखन सोनी और शिव भक्तों ने माता पार्वती और भगवान गणेश का तिलक पूजा अर्चना की। भगवान भोलेनाथ की बारात बनियाटपुरा, पठानपुरा, रामजानकी, बड़ा मंदिर, अलीपुरा, बस स्टैंड, तिगैला, रविदास मन्दिर होते हुए वापिस तिवारीपुरा छोटी कुटी में समापन हुआ। भगवान भोले की बारात में कस्बा के शिव भक्त मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार,**
सम्पर्क – प्रबंधक
मो.: 9454716161

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

आवश्यकता है

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए.** – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए । **–श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **– अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी– मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **–नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी–नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. –4200962 एम. ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील– कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. –4200962एम, ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील–कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर
में आवश्यकता है
प्राचार्य – 01 पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में– उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में– भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।
मो0 नं0 7311115152, 8601042694 **अध्यक्ष – मुईद अहमद**

यूपी बोर्ड परीक्षा 676 के सापेक्ष 636 परीक्षार्थियों ने दी बोर्ड परीक्षा, 22 फरवरी से शुरू हुई थीं परीक्षाएं

अंतिम दिन सिर्फ 40 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के अंतिम दिन विभिन्न विषयों की संपन्न हुई परीक्षा में पंजीकृत 676 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 636 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा का अंतिम दिन होने के कारण परीक्षार्थी खुश नजर आए । उधर बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो जाने पर कक्ष निरीक्षकों व परीक्षा में ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली।

22 फरवरी से शुरू हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा शनिवार को समाप्त हो गई। सुबह की पाली में हाईस्कूल की उर्दू परीक्षा में 43 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 42 ने परीक्षा दी, एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इसी पाली में इंटरमीडिएट की ट्रेड की परीक्षा में 312 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 285 ने परीक्षा दी, 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल की परीक्षा समाप्त हो जाने के कारण कोई पेपर नहीं हुआ। इंटरमीडिएट की कृषि और संस्कृत विषय की परीक्षा में 321 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 309 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 12 अनपस्थित रहे।

शनिवार को बोर्ड परीक्षा का अंतिम दिन होने के कारण परीक्षार्थी परीक्षा देकर हंसी खुशी परीक्षा केंद्रों से निकले और मौज मस्ती भी की। परीक्षार्थियों ने परीक्षा के अंतिम दिन दोस्तों को अच्छे पेपर होने पर बधाई देते हुए घर को रवाना हुए।

बोर्ड परीक्षा का अंतिम पेपर देकर बाहर आते परीक्षार्थी। अमृत विचार

जिले में नहीं पकड़ा गया एक भी नकलची

इस दफा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जिले के 32 परीक्षा केंद्रों में नकलविहीन तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराई, यही वजह है कि 22 फरवरी से शुरू हुई बोर्ड परीक्षा 9 मार्च को समाप्त होने के बाद भी जिले में एक भी परीक्षा केंद्र में आज तक नकलची नहीं पकड़ा गया और परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। नकलविहीन परीक्षा संपन्न हो जाने से जोनल, सेक्टर और सचल दल, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराकर खुशी महसूस की।

13 व 14 मार्च को होगी अंतिम प्रयोगात्मक परीक्षा

महोबा। वर्ष 2023–24 की प्रयोगात्मक परीक्षा में छूटे हुए परीक्षार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 13 व 14 मार्च को प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराए जाने का डीआईओएस विभाग ने निर्णय लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली ने बताया कि जिले में संचालित समस्त इंटर कालेज के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि वह अपने विद्यालय के इंटरमीडिएट की कक्षा में अध्यनरत परीक्षार्थियों की परीक्षा छूटी तो नहीं है इसकी जानकारी कर लें, संबन्धित परीक्षार्थियों को 13 व 14 मार्च को होने वाली अंतिम प्रयोगात्मक परीक्षा के बाबत अवगत कराकर छूटी परीक्षा में सम्मिलत कराएं।

पानी के टब में गिरने से मासूम की गई जान

जैतपुर महोबा। थाना अजनर के आनंदपुरा बडेरा में खेलते हुए पानी से भरे टब में एक मासूम बच्चा डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राम आनंदपुरा वडेरा निवासी अनुज एक साल पुत्र हरीसिंह कुशवाहा घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते खेलते पानी से भरे टब में गिरकर डूब गया। डूबने के थोड़ी देर बाद परिजनों ने उसे टब में पड़ा देखा और बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी अनुज 6 भाई बहनों में सबसे छोटा था परिवार के सब लोग खेत पर गए हुए हुए थे। सबसे छोटा होने से अनुज अपनी मां के साथ घर पर था जो आंगन में रखे पानी के टब में जा गिरा और मौके पर ही मौत हो गयी। अनुज की मौत से घर मे कोहराम मच गया परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार किया

अधिवक्ताओं ने वादकारियों को जजी परिसर में घुसने से रोका, देर तक नारेबाजी होती रही

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। अधिवक्ताओं की हड़ताल 19 वें दिन भी जारी रही। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय लोक अदालत के बहिष्कार के निर्णय पर कायम अधिवक्ताओं ने प्रातः नौ बजे ही बस स्टैंड से जजी रोड में संगम स्टूडियो के पास, तहसील रोड पर न्यायिक अधिकारियों को रोकने की पूर्ण नाकाबंदी की गई। दूर दराज से आए वादकारियों का तीनों जगह हुजूम लगा रहा। किन्तु एक भी वादकारियों को न्यायालय परिसर में अंदर नहीं जाने दिया।

अधिवक्ता संघ पिछले 20 फरवरी से फैमिली कोर्ट की महिला जज के खिलाफ हड़ताल पर हैं। शनिवार को अधिवक्ताओं पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत लोक अदालत का बहिष्कार किया। आंदोलन को देखते प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती के साथ एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी रही। धरने में बार काउंसिल ऑफ उप्र की सदस्य ज्योति राणा ने आकर सहभागिता दर्ज कराई।

अधिवक्ताओं ने जजी के रास्तों में नाकाबंदी कर आंदोलन पूर्ण संयमित ढंग से जारी रखा। बार अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा व राजेंद्र वीर सिंह चौहान ने कहा कि यदि अब भी हमारी मांग नहीं मानी गई तो यह आंदोलन बृहद रूप ले लेगा। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को वापस होना पड़ा। महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि शनिवार को लोक अदालत का बहिष्कार पूरी तरह सफल रहा। कहा पिछले चार मार्च से जारी क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदलेंगे व आंदोलन प्रदेश व्यापी होगा। उन्होंने अपने सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर अधिवक्ता प्रशांत किशोर सिंह, रामदत्त पाठक, सुधीर नगायच, कृष्ण बिहारी पांडेय, संदीप चंदेल, लोक भूषण राजपूत, शहजाद, भगवान दास दीक्षित, अश्विनी कुमार प्रजापति, अनिल शुक्ला, वीरेंद्र राजपूत, प्रशांत सिंह चंदेल, अरविंद सिंह, मिथलेश शुक्ला, आशुतोष सिंह गौर, संजय वीर लोधी, मथुरा प्रसाद द्विवेदी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

जजी रोड पर बाइक लगाकर रास्ता रोके अधिवक्ता। अमृत विचार

जजी मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

निस्तारित किए गए 31,896 वाद

हमीरपुर। दीवानी न्यायालय परिसर में जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान सुलह- समझौते के तहत 31,896 वाद निस्तारित हुए।

प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय से कुल 14 वादों का निस्तारण व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से 42, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से 20527, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से 2,249, सिविल जज जूडि से 440, तरुण कुमार सिविल जज जू.डिवीजन राठ द्वारा 341 वाद निस्तारित कराए गए। इस तरह कुल 24,206 वाद निस्तारित किए गए। राजस्व विभाग द्वारा कुल 7,537 वादों का निस्तारण व एलडीएम संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक के अनुसार समस्त बैंकों के कुल 15 हजार मामलों में से 153 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 31,896 वादों का निस्तारण हुआ।

सार-संक्षेप

रामलीला में परशुराम व लक्ष्मण संवाद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

टूटा शिव धनुष, जय- जय श्रीराम का जयघोष

कुरारा (हमीरपुर)। बेरी गांव के श्री कोटेश्वर पावन धाम प्रांगण में महाशिवरात्रि की रात रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला में श्री राम के धनुष तोड़ते ही जय-जय सियाराम का जयघोष वातावरण में गूंज उठा। सीता स्वयंवर में पधारे राजकुमारों ने धनुष की प्रत्यंचा खींच कर दो भागों में विभाजित करने का असफल प्रयास किया। जब धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक का विलाप सुनकर सभी के आंखों में आंसू आ गए। महर्षि विश्वामित्र ने राम को राजा जनक संताप को दूर करने के लिए धनुष का भंजन करने के लिए कहा। आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने की कोशिश की तो पंडाल जयकारे गूंज उठे। इसके बाद जयमाला का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मंचन किया गया। धनुष तोड़ने की सूचना पाकर पहुंचे परशुराम क्रोधित हो गए। उपस्थित भक्त परशुराम और लक्ष्मण का संवाद सुनकर दर्शक रोमांचित हुए। परशुराम- लक्ष्मण संवाद सुबह प्रात: 8:30 बजे तक चला। रामलीला में जनक की भूमिका कुर्था कानपुर निवासी पंडित ओमप्रकाश ने निभाई। बांदा से पधारे पं.कैलाश ने भगवान परशुराम की भूमिका निभाई।

क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

हमीरपुर। लोकसभा निर्वाचन को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने क्रिटिकल व वल्नरेबल श्रेणी के 10 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना बिवांर में चिह्नित ग्राम छानी, बांधुर बुजुर्ग व थाना जलालपुर में चिह्नित ममना व थाना जरिया के सरीला, जरिया, गोहांड, थाना मझगवां के जराखर, नौरंगा मझगवां व थाना राठ के राठ तथा थाना मुस्करा के बिहुनी कला, कस्बा मुस्करा के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

छात्र को स्मार्ट फोन देते मुख्य अतिथि चेयरमैन कुलदीप निषाद। अमृत विचार

मां गौरा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन

हमीरपुर। शहर स्थित मां गौरा महाविद्यालय में शनिवार को छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री स्मार्ट फोन योजना के तहत डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मां गौरा महाविद्यालय को 148 स्मार्टफोन मिले। नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद ने छात्र- छात्राओं को मोबाइल का वितरण किया गया। मोबाइल वितरण के समय छात्रा दीपाली सिंह, निधि निषाद, मंतशा फात्मा, नूरानी, इशिका वर्मा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रों में हरगोविंद, देव सिंह, आयुष शुक्ला आदि ने हर्ष व्यक्त किया। कहा कि सरकार ने हमें ये जो स्मार्टफोन दिया है। उससे हम तकनीकी रूप से सक्षम होंगे। इस फोन का प्रयोग हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने कहा कि ये योजना जो हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री ने लांच की है इसका आप लोग बहुतायत में अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए उपयोग करें। तभी आपका जीवन सफल होगा और आप सबके मां-बाप के सपने साकार होंगे। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके पांडेय ने कहा छात्र- छात्राएं इस मोबाइल का उपयोग सामाजिक, मानसिक व शैक्षणिक विकास के लिए करें।

बाइक सवार युवक को वाहन ने मारी टक्कर

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के महोबा रोड़ स्थित गल्ला मंडी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी नीतेश पुत्र मुन्ना कस्बे से वापस अपने गांव पहाड़ी गढ़ी जा रहा था। तभी बाइक में टक्कर लगी।

केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी परेशान: प्रदीप

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। व्यापारियों को पीडीए चौपाल के माध्यम से एकजुट करने को आए सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने स्टेशन मार्ग पर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला।

सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे के आवास पर कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी वर्ग परेशान है। समाजवादियों ने व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज, चुंगी प्रथा, 3/7 से छुटकारा दिलाकर व्यापारी बीमा योजना लागू की थी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने जीएसटी, नोटबंदी लाकर व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं को डरा धमकाकर फर्जी फाइलें तैयार कराकर अपनी पार्टी में जबरिया शामिल करा रही हैं। कोई भी नेता दिल से भाजपा में नहीं जा रहा है। वह डर से भाजपा में शामिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाशिंग मशीन बन गई है। राम मंदिर, काशी मंदिर, मथुरा मंदिर मुद्दों को आगे करके लोगों को गुमराह किया जा रहा है। वार्ता के दौरान प्रदेश सचिव डा. अजय चौरसिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, जिलाध्यक्ष इदरीस खान आदि मौजूद रहे।

- **जीएसटी और नोटबंदी से व्यापारियों की कमर टूटी**

पत्रकारों से बात करते सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

पिता- पुत्र ने युवती को जमकर पीटा

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के रिगवारा खुर्द गांव में पिता- पुत्र ने घर में मौजूद एक युवती के साथ जमकर मारपीट कर दी। जब युवती को बचाने के लिए उसका पिता, भाई और बहन दौड़े तो आरोपी पिता- पुत्र ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। पीड़ित युवती ने जरिया थाने में आरोपी पिता- पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया है।

रिगवारा खुर्द गांव निवासी बबली पुत्री जयपाल ने बताया कि वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। उसी दौरान गांव का युवक वीरेंद्र और उसका पिता बब्बू उसके पास आए और उसे बेवजह गाली- गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसका पिता जयपाल, भाई दिनेश और बहन मीरा उसे बचाने के लिए दौड़े तो पिता- पुत्र ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।

पुजारी को बंधक बनाकर पीटा, काटी शिखा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बेरी गांव के कोटेश्वर पावन धाम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे पुजारी को बंधक बनाकर मारपीट करने के साथ शिखा काटकर अपमानित किया गया। पीड़ित पुजारी ने आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की।

बेरी गांव निवासी रोहित तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनके पिता राम मनोहर तिवारी गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पुजारी हैं। गुरुवार को पिता कोटेश्वर पावन धाम मंदिर बेरी से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी गांव निवासी एक युवक उन्हें अपने घर ले गया। घर में बीमार महिला का इलाज पूजा पाठ के माध्यम से करने के लिए कहा पर उनके पिता ने मना कर दिया। इसके बाद आरोपी नाराज हो गए और रिश्तेदारों की मदद से दोपहर से शाम तक बंधक बनाए रखा और फिर रात में बोलेरो गाड़ी की डिग्गी में बंद कर लिया। उन्हें वे उन्हें ग्राम अछरेला थाना मौदहा ले गए। पिताजी के घर न आने पर जानकारी की तो आरोपी बदतमीजी से बात कर गाली गलौज करने लगे। बंधक बनाकर पीटने के बाद शिखा काट दी। इस प्रकरण में बेरी चौकी प्रभारी संगम लाल प्रजापति से बात की तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

- **पुजारी ने शिखा काटकर अपमानित करने का आरोप लगाया, जांच शुरू**
- **पीड़ित के बेटे ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की**

रैपुरा गांव में पोषण जागरुकता रैली निकाली गई। अमृत विचार

बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

सुमेरपुर(हमीरपुर)। पोषण पखवारा के तहत ग्राम पंचायत पारा रैपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बच्चों के साथ गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को पोषण के प्रति जागरूक किया। रैली को ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाल विकास विभाग ने कुपोषण दूर करने के उद्देश्य से गांवों में पोषण पखवारा के तहत रैली निकालने के निर्देश दिए हैं। पारा रैपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना देवी, उषा, विजय कुमारी ने सहायिका राम बेटी, राजेश्वरी, सरोज के साथ केंद्रों में आने वाले बच्चों को साथ लेकर गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को पोषण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति आदि रहे।

नमामि गंगे परियोजना बन गई मुसीबत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद अधिकारियों ने खोद कर छोड़ी गई सड़कों और संपर्क मार्गों को दुरस्त नहीं कराया है। फसलों की कटाई। मड़ाई का कार्य प्रारंभ होने के बाद किसान फसलें घर नहीं ला पा रहा है।

मामला विकासखंड क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई का है। यहां पर सर्वोदय जूनियर हाईस्कूल के सामने से लेकर बृजेश सोनी के दरवाजे तक दो वर्ष पूर्व नमामि गंगे परियोजना की पाइप लाइन डालने के लिए सीसी मार्ग को खोदा गया था। पाइप लाइन डालने के बाद इसको ठीक नहीं कराया गया है। हालत यह है कि इस रास्ते पर लोगों का चलना दुश्वार हो गया है।

बूढ़े, बच्चे घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। पूर्व प्रधान चंद्र प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत सदस्य कल्पना यादव,संदीप यादव आदि ने बताया कि वह समस्या से सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि से अवगत कराकर रास्ता बनवाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन किसी ने इस समस्या का समाधान नहीं किया है।

पूर्व प्रधान ने बताया कि नमामि गंगे के ठेकेदार ने गांव की अन्य रास्तों को पिछले माह बनाया है। लेकिन इस रास्ते में उसने कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खेती किसानी का कार्य शुरू है। किसान खेतों से अपनी फसलें घर नहीं ला पा रहे हैं। लोगों को पावर हाउस जाने के लिए भी चक्कर काटना पड़ता है।

खोदी गई सड़क पर भरा पानी व कीचड़। अमृत विचार

- **रास्ता खराब होने से किसान घर तक नहीं ला पा रहे फसल**

दिखाई प्रतिभा नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया

फिटनेस दौड़ में रानी प्रजापति रहीं अव्वल

स्थान पाने वाली महिला को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रानी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्षेत्र के झलोखर गांव में शनिवार को नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भगवान दास रहे। प्रतियोगिता में 30 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता में रानी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनीता प्रजापति ने द्वितीय व सावित्री सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने जीते हुए प्रतिभागियों को कप, टोपी, शर्ट पुरस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सुभाष कुशवाहा ने बताया कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं। कार्यक्रम में पवन सिंह, अनुज कुमार आदि मौजद रहे।

विजेता युवतियों को प्रमाण पत्र देतीं राजपूत चंद्रवती वर्मा। अमृत विचार

निशा ने दौड़ में मारी बाजी , मिली वाहवाही

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के ब्रहमानंद इंटर कॉलेज के मैदान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि डा. आराधना राजपूत जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि कोतवाली के उपनिरीक्षण नीलम यादव रहीं। फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता के दौरान करीब चार दर्जन से अधिक युवतियों ने दौड़ लगाई। प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रिया और नैंसी ने तीसरा स्थान पाया। विष्णु प्रिया के निर्देशानुसार पीयूष कुमार सोनी और संतोष कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। समापन पर विशिष्ट अतिथि राजपूत चंद्रावती वर्मा एवं ग्राम प्रधान खड़ाखर प्रमोद कुमार ने युवतियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बालवीर फौजी, अनिल कुमार, धनीराम आदि रहे।

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने सफाई कर्मी को पीटा

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के अलकछवा गांव के प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर ने एक सफाईकर्मी को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

जमखुरी गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र ऊदल जमादार ने तहरीर के माध्यम से बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे वह अलकछवां गांव स्थित प्राइमरी स्कूल की सफाई करने के बाद अपने घर आ गया। बताया कि उसी दौरान स्कूल के हेडमास्टर महेश ने उसे फोन पर बुलाया। बताया कि टीचर ने दुबारा उससे स्कूल की सफाई करने के लिए कहा। इस पर जब उसने कहा कि उसने सफाई कर दी है तो टीचर ने गालियां देते हुए उसे लाठियों से जमकर मारापीटा। बताया कि जब उसकी पत्नी लक्ष्मी शिकायत करने के लिए टीचर के पास गई तो स्कूल में मौजूद आंगनबाडी कार्यकत्री प्रभा ने उसकी पत्नी के बाल पकड़कर मारापीटा। पीड़ित सफाई कर्मी ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं टीचर महेश ने इस आरोपों को बेबुनियाद बताया। कहा कि उनके ऊपर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं।

जानकारी देते पीड़ित राकेश कुमार। अमृत विचार

- **पत्नी शिकायत लेकर स्कूल पहुंची तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने उसे भी पीटा**

कार्यालय ग्राम पंचायत चक अमरपुरा विकासखण्ड-गोहांड (हमीरपुर)

पत्रांक- / विज्ञप्ति /2023-24 दिनांक: 08.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग- ग्रामीण अभियंत्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ 15वां वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चक अमरपुरा में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किए जाते है। जो दिनांक 14/03/24 को अपरान्ह 03:00 बजे तक ग्राम पंचायत चक अमरपुरा कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 08/03/2024 से 14/03/2024 कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/कुटेशन को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत मैटेरियल	निविदा का मूल्य + टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	मनरेगा	ग्रा0पं0 चक अमरपुरा में चेतराम के मकान से कंधी के मकान के सामने तक नाला मरम्मत कार्य	5.66654 लाख रु0	500+90 रु0	3 माह
2	मनरेगा	ग्रा0पं0 चक अमरपुरा में हरिकिशोर के मकान से रामअवतार के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य	3.67698 लाख रु0	250+50 रु0	3 माह

अन्य शर्ते

1 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2 प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3 सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एस0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जाएगी।
6 कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत चक अमरपुरा
विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड की टॉप 10 सूची में आदर्श

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। भारत सरकार द्वारा पहला नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड का आयोजन नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें जिले के आदर्श गुप्ता को पूरे देश के टॉप 10 में जगह मिली है। इन टॉप क्रिएटर्स को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आदर्श गुप्ता यू ट्यूब व इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन क्लास चलाते हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से आज के समय लोग नई नई ऊंचाइयों को छूते जा रहे हैं। युवाओं के लिए सोशल मीडिया कैरियर भी बनता जा रहा है। इसके माध्यम से

आदर्श गुप्ता।

- देश में वोटिंग के आधार पर बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन सेक्टर में हुए नामित

युवा अपनी प्रतिभा को दूसरों तक पहुंचा रहे हैं। जनपद के अवधेश चंद्र गुप्ता लाला के पुत्र आदर्श गुप्ता भी सोशल मीडिया के माध्यम से नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। वह यूट्यूब व इंस्टाग्राम के जरिए गरीब व मध्यम वर्ग के युवाओं को पढ़ा रहे हैं। आदर्श गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से कक्षा 12 के बाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश करने वाले छात्रों को ऑफलाइन व ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने तक्ष एजुकेशन के नाम से यूट्यूब चैनल के माध्यम से गरीब युवाओं को पढ़ाते हैं। वह दिल्ली में ऑफलाइन क्लासेस भी लेते हैं। भारत सरकार ने नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड की घोषणा की थी। इसमें पूरे देश से आवेदन मांगे गए थे। जिसमें पूरे देश से लाखों सेलिब्रिटियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने आवेदन किया। उन्होंने भी इसमें आवेदन किया था। पूरे देश में वोटिंग के आधार पर बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन सेक्टर में नॉमिनेट किया गया। जिसमें उनको टॉप 10 में जगह मिली है। बताया कि टॉप 10 में आने वाले सभी इन्फ्लुएंसर्स को पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा। बताया कि उनके यूट्यूब चैनल में 50 हजार से अधिक व इंस्टाग्राम पर 1.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

कुछ शर्तों के साथ माफ होंगे बिजली के बिल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। निजी नलकूप संचालकों के लिए अच्छी खबर है। ऐसे किसान जिन्होंने 31 मार्च 2023 तक के बिल का भुगतान नहीं किया है उनके लिए एकमुश्त समाधान योजना लाई गई है। यदि वे अगर अब 31 मार्च तक का एकमुश्त भुगतान कर 100 प्रतिशत या तीन किश्तों में 90 प्रतिशत अथवा छह किश्तों में 80 प्रतिशत सरचार्ज में छूट पा सकते हैं।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल आहूजा ने बताया कि निजी नलकूप संचालक (फ्री बिजली योजना) के लिए तब ही पात्र होंगे जब उनका मार्च 2023 तक का बिल शून्य होगा। बताया नलकूप पर मीटर स्थापित होना अनिवार्य है। बुंदेलखंड में नलकूप का लोड 12.5 एचपी है, तो प्रति महीने 1300 यूनिट खपत पर बिल माफी माफी योजना के पात्र होंगे। 1300 यूनिट से अधिक खपत होने पर अतिरिक्त खपत का निर्धारित टैरिफ के अनुसार नलकूप संचालक को बिल देना पड़ेगा। 12.5 एचपी से अधिक लोड होने पर फिक्स चार्ज में 50 प्रतिशत छूट रह जाएगी। 1300 यूनिट से अधिक खपत पर निर्धारित टैरिफ का बिल देना पड़ेगा।

सार-संक्षेप

भाजपा का झंडा दिखाकर बसों को रवाना करते विधायक डॉ. मनोज प्रजापति।

राम भक्त अयोध्या रवाना हुए

हमीरपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, सदर विधायक डॉ .मनोज कुमार प्रजापति ने अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए राम भक्तों को भाजपा कार्यालय से पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया| जिलाध्यक्ष ने बताया कि 35 बसों से 2000 भक्तों को प्रभु श्री राम दर्शन के लिए भेजा गया। वह भी बस द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ प्रभु श्री राम दर्शन के लिए जा रहे हैं| ऐसे पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम के भक्त बड़े ही उत्साहित दिखे और जय जय श्री राम, भाजपा पार्टी जिंदाबाद और योगी – मोदी जिंदाबाद का उद्घोष करते नजर आए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव तिवारी, किशन व्यास, स्वामी प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता, राधा चौरसिया, शिवेंद्र सिंह, गुरु प्रताप सिंह परिहार, जिला महामंत्री रोहित शिवहरे, रेखा चंदेल, सिद्धार्थ सिंह, इंद्रप्रकाश बाजपेई, चक्रवर्ती शुक्ला, कार्तिक तिवारी, योगेंद्र प्रताप सिंह, उपेंद्र द्विवेदी, वेद प्रकाश आर्य, आशुतोष शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक करते अधिकारी। अमृत विचार

चौपाल में मतदान के लिए प्रेरित किया

हमीरपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम शुरू हैं। बूथों पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम मैं हूं ना चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर शत–प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास जारी हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन बीएलओ ने बूथों पर मतदाताओं को आमंत्रित कर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। इसके अन्तर्गत बूथ संख्या 94 आर्य समाज महर्षि विद्यालय में एसडीएम पवन प्रकाश पाठक व उपजिलाधिकारी सदर एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर ने मतदाता चौपाल लगाकर जागरूक किया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी मतदाता अगले दस मतदाताओं को जागरूक करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक बनें। इस अवसर पर मंझूपुर, सैय्यदवाड़ा, गौरादेवी नई बस्ती, गड़इया, सुनराही गली, बनियौटा, ईदगाह कालपी चौराहा के लगभग एक सैकड़ा वोटर उपस्थित रहे। चौपाल में काजी इरशाद अली, राम बिहारी शुक्ला, हसन खान, विजय साहू, जियाउर्रहमान इफ्तखार, जबीं, दिव्यांश, अनुज, कालीचरण, श्रीकांत मिश्रा, नसीरूद्दीन, अकरम अली रहे। संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं जिला स्काउट मास्टर बेसिक ने किया।

युवक ने कुएं में लगाई छलांग, मौत

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के डामर गांव में शनिवार को सुबह 9 बजे 45 वर्षीय युवक ने कुएं में छलांग लगा दी। बच्चों ने कुएं में कूदने की सूचना परिजनों को दी। परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से निकाल कर स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डामर गांव निवासी मोहर सिंह (45) पुत्र सियाराम शनिवार को सुबह 9 बजे घर के बाहर दरवाजे में बैठा था। तभी अचानक घर के बाहर खेल रहे बच्चों को गाली–गलौज करते हुए भागा और पास में बने कुएं में छलांग लगा दी। कुएं में छलांग लगाते देख बच्चों ने आनन– फानन परिजनों को सूचना दी। मोहर सिंह को सीएचसी ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ .दीपक कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

थाना समाधान दिवस में 23 शिकायतों का हुआ निस्तारण

कमिश्नर व डीआईजी ने देहात कोतवाली में सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार के स्तर पर संपूर्ण समाधान और थाना समाधान दिवसों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम जनता को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। इसीक्रम में शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया। पूरे जनपद के सभी थानों में कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 23 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने फरिदयादियों की शिकायतें सुनीं

शिकायतें सुनते आयुक्त व डीआईजी। अमृत विचार

और उनका निस्तारण किया। शनिवार को थाना कोतवाली देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी और पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। मंडलायुक्त व डीआईजी ने मातहतों को लोगों की समस्याओं को प्रभावी और गुणवत्तापरक निस्तारण करने की हिदायत दी।

कहा कि लोगों को अपनी शिकायतें लेकर मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। इसके लिए थाना व तहसील स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सजग व सक्रिय रहना होगा। ऐसे ही बदौसा थाने में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने भी लोगों की शिकायतें सुनकर निस्तारण किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 60,713 वाद हुए निस्तारित

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उद्घाटन जनपद न्यायाधीश जेपी यादव ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 60713 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें सिविल के 21 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 23 वाद, वैवाहिक मामलों के 26 वाद, एन आई एक्ट के 04 वाद, बैंक ऋण से संबंधित प्रीलिटिगेशन स्तर के 290 वाद, राजस्व के 163 वाद, लघु आपराधिक मामलों के 2609 वाद का निस्तारण किया गया। टेलीफोन बिल से संबंधित चार मामलों विद्युत अधिनियम के 05 मामलों तथा अन्य प्रकार के तमाम वादो का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वादों में प्रतिकार धनराशि

फीता काटकर उद्घाटन करते जिला जज। अमृत विचार

के रूप में एक करोड़ 26 लाख 29 हजार रुपये अर्थ दंड के रूप में 155 070 रुपये एवं विभिन्न बैंकों के 36256512 रुपये एवं टेलीफोन के वादों में 7233 रुपये तथा उत्तराधिकार के वादों में 69 9335 रुपये तथा एनआई एक्ट के मामलों में 1190 000 रुपए की धनराशि के वाद एवं अन्य वादों में 1276 727 रुपये की प्रतिकार धनराशि दिलाई गई। इसके बाद शाम 5:00 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने से जिले भर के भारी संख्या में वादकारी उपस्थित हुए। जहां पर मामले आपसी सुलह समझौते के तहत निस्तारित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित तमाम न्यायाधीश और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

वृद्धा ने फांसी लगा जान दी, कोहराम

बांदा : बुजुर्ग महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह पति की नीद खुली तो देखा उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के मलेहरा निवादा निवासी राजरानी (73) पत्नी कामता प्रसाद तिवारी अपने पति के साथ नरैनी रोड़ स्थित वृद्वा आश्रम में रहती थी। शनिवार की भोर राजरानी ने आश्रम के लगी लोहे की गाटर में हुक के सहारे अगौछा से फांसी लगा लिया। सुबह पति की नीद खुली तो देखा उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ा। शोर सुनकर आश्रम में रह रहे अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के दो पुत्र बड़ा पुत्र जर्नादन और छोटा पुत्र राधेश्याम है। जर्नादन मजदूरी करता है। राधेश्याम मथुरा में रहता है। बहू बेटा से मां की पटरी नही खाती थी। दोनो लोग वृद्वा आश्रम में रहते थे। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है।

निर्वाचन व्यय के परीक्षण को गठित की गई टीमें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पं.जेएन कॉलेज के सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

अमृत विचार: निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित की गयी विभिन्न टीमों जैसे सहायक व्यय प्रेक्षक, विडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम लेखा टीम, उड़नदस्ता तथा स्थायी निगरानी टीम के नियुक्त किये गये कार्यकारी मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों को पं.जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के सभागार में उनके कर्तव्यों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रभारी अधिकारी शिकायत प्रकोष्ठ तथा कन्ट्रोल रूम सत्य प्रकाश, प्रभारी अधिकारी जिला कन्ट्रोल सेन्टर लाल सिंह यादव, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने सी-विजिल तथा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की तथा मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत विभिन्न विधिक उपबन्धों तथा विभिन्न टीमों के कार्य प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान यह निर्देश दिये कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक कार्मिक बिना किसी भेदभाव के निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा निर्वाचन को शान्तिपूर्ण तथा निष्पक्ष रूप से सम्पादित करायें।

महाशिवरात्रि पर जागरण, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, मौदहा-हमीरपुर

अमृत विचार। महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार रात कई स्थानों पर जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। खासकर खंडेह गांव में जागरण पार्टी ने पूरी रात भजन कीर्तन कर लोगों को आनंदित किया। वहीं कस्बे के थाना चौराहा धर्मशाला के निकट और शिव शक्ति मंदिर स्टेशन मार्ग में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है। विभिन्न जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे।

हैलो डॉक्टर
कैंसर से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
कैंसर के कारणों, निदान और उपचार के बारे में जानने के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के कैंसर रोग विभाग के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित (पूर्व प्राचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ) से करें सवाल।

दिनांक 11 मार्च दिन सोमवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

कार्यालय भुइयारानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

मिशन निदेशक के पत्रांक–8244/3157/UPSRLM CBBO/2023–24 दिनांक 27.02.2024 के क्रम में 10000 एफ0पी0ओ0 परियोजना के अर्न्तगत गठित भुइयारानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, में सी0ई0ओ0 एवं अकाउंटेंट के चयन हेतु निम्नलिखित पदों पर निम्नवत् आमंत्रित किये जाते हैं:–

क्र0सं0	पद का नाम	पारिश्रमिक (रू0 प्रतिमाह)	स्वीकृत पद	अंतिम तिथि
1	मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी0ई0ओ0)	25000.00	1	17.03.2024
2	एकाउंटेंट	10000.00	1	17.03.2024

आवेदक हेतु नियम एवं शर्तें: आयु सीमा –18 से 45 वर्ष। 1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद हेतु– (1) स्नातक कृषि/कृषि विपणन / कृषि व्यवसाय, प्रबंधन या BBA या समकक्ष या 10+2 और कृषि/कृषि विपणन/कृषि व्यवसाय प्रबंधन या अन्य संबंधित क्षेत्रों में डिप्लोमा (II) सूचना प्रणालियों और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। अनुभव:–कृषि, व्यवसायिक, या सम्बन्धित क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव। सूचना प्रणालियों और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। 2. एकाउंटेंट पद हेतु–
(1) 10+2 वाणिज्य या अकाउंटेंसी, (II) आच्छादित लेखा, कम्प्यूटर बेस्ड बुक कीपिंग, और अन्य वित्तीय सूचना प्रणालियों का ज्ञान (III) सूचना प्रणालियों और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। अनुभव: एकाउंटेंट के रूप में न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव। नोट:–चयन प्रक्रिया में आवेदन एवं किसी भी स्तर पर कोई शुल्क देय नहीं होगा। फार्म जमा करने का पता–आजीविका मिशन कार्यालय विकास खण्ड–कुरारा (हमीरपुर)

अध्यक्ष
भुइयारानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
मो0नं0–6392514708,8077735499

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख–रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार–बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई–पैप (BIPAP), सी–पैप (CPAP), सी.बी–नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे–फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/– रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

शिकायत सुनें, निस्तारण करें लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

डीएम ने दिए निर्देश, छोटी-बड़ी समस्याओं को रजिस्टर बनाकर सूचीबद्ध करें

कार्यालय संवाददाता उरई,

अमृत विचार। समाधान दिवस पर पुलिस ने लोगों की समस्याएं सुनी, कुछ का निस्तारण किया, शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए मौका दिखाने के आदेश हुए। दिवस के तहत कदौरा थाने में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा पहुंचे और फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना। प्राप्त शिकायतों को समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किएजाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो सके,उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत आदि मौजूद थे।

कदौरा थाने पर सुनवाई करते डीएम, एसपी, कोतवाली परिसर में सुनवाई करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- समाधान दिवस पर डीएम, एसपी ने कदौरा थाने में पहुंचकर सुनी फरियाद

तीन मामले आए, एक का मौके पर हुआ निस्तारण

कालपी (जालौन)। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश सिंह की मौजूदगी तथा एडीशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 3 मामले प्रस्तुत किए गए। एक प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में कोतवाली के एसएसआई राजेश सिंह ने प्रस्तुत किए एक मामले का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि दो मामलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमों को मौके पर भेजा गया है। इस दौरान उपनिरीक्षक वसीम अहमद, अभिलाख सिंह, राजेश कुमार, चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह,सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह, प्रमोद दुबे, बिभा, विजय आनंद, नगर पालिका के लिपिक रमेश सिंह के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

अपराध नियंत्रण में पुलिस का साथ दें

माधोगढ़। रामपुरा थाना पुलिस एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ परस्पर परिचय व सद्भावना बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। रामपुरा थाना के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने थाना क्षेत्र के लोगों एवं ग्राम प्रधानों की बैठक बुलाई, जिसमें सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों से थानाध्यक्ष ने परिचय लिया और सभी के मोबाइल नंबर दर्ज किए। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने अपना परिचय देकर उपस्थित क्षेत्रीय लोगों एवं ग्राम प्रधानों से परिचय कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करने के लिए कहा। एसओ ने कहा कि रामपुरा थाना क्षेत्र में शांति एवं सद्भावना रहे, कोई अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य न हो, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है एवं रामपुरा थाना पुलिस आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगी। आगामी पर्वों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा त्यौहार हमें मिलजुल कर प्रेम से रहना सिखाते हैं। इस अवसर पर चौकी प्रभारी जगम्मनपुर उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी ऊमरी उप निरीक्षक रामचंद्र, विजय द्विवेदी, शानू खान, कुलदीप, सौरभ कुमार, अंजनी कुमार सोनी, अंकित याज्ञिक, प्रदीप, गौरव, अंकित दीक्षित, बालकराम प्रधान चंदावली, भानुप्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

सपा जिला सचिव के साथ दर्जनों समर्थकों ने थामा भाजपा का दामन

संवाददाता, माधोगढ़

- माधौगढ़ नगर पंचायत में स्थित अमृता पैलेस के सभागार में हुआ भाजपा का मिलन समारोह
- जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा, अब आप लोग भाजपा का परिवार हैं

अमृत विचार। माधौगढ नगर पंचायत में स्थित अमृता पैलेस के सभागार में मंडल अध्यक्ष कमलापत कुशवाहा की अध्यक्षता में भाजपा मिलन समारोह हुआ। जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य एवं बृजभूषण सिंह मुन्नू पूर्व जिलाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रबल प्रताप सिंह के साथ एक दर्जन सपा समर्थित ग्राम प्रधानों, सपा पदाधिकारियों ने साइकिल छोड़कर कमल थाम लिया।

जिला सचिव के साथ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष समाजपार्टी सत्यपाल सिंह कुशवाहा, पूर्व सपा नगर अध्यक्ष रघुवीर शरण गुप्ता, सपा के विष्णु प्रताप सिंह, लला लाइट राकेश विश्वकर्मा, सेक्टर अध्यक्ष जयपाल सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, डा सौरभ याज्ञिक, सेक्टर प्रभारी सुनील कुमार, बूथ अध्यक्ष बिट्टू सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत प्रधान, लायक सिंह राजावत प्रधान, प्रमोद कुमार याज्ञिक प्रधान आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने कहा कि पूर्ववती सरकारों ने संस्कृति और संस्कारों को समाप्त कर दिया था। जब से भाजपा की योगी मोदी सरकार आई चहुंओर रामराज्य है। उन्होंने कहा भाजपा में जिन लोगों ने सदस्यता ली है अब वह मेरे परिवार के हो गए हैं।

उनके सम्मान और मान में किसी तरह की आंच नहीं आने दी जाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने चहुंमुखी विकास कराकर देश का विश्वास में नाम किया है। प्रबल प्रताप सिंह राजावत ने कहा कि मोदीजी देश को विकसित करने का संकल्प लिया है तो इस यात्रा का सहभागी बनने हेतु हम सब भी उनके साथ हैं। कार्यक्रम में दिलीप कुमार प्रजापति अशोक सिंह अजीत गुप्ता प्रिंस द्विवेदी मुखराम शाक्यवार प्रधान सिरसा दो घड़ी, शुतधन गुर्जर प्रधान , बब्लू गुर्जर अतरौली, मुन्ना लाल प्रधान कुटरा अंकित बृजेश प्रताप सिंह राजावत अध्यक्ष क्रय विक्रय सहकारी समितिमाधौगढ अजय राघवेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह राजावत, महेश, सत्येन्द्र, पुष्पेन्द्र, हरगोविंद, कप्तान सिंह आदि मौजूद थे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करातीं जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित। अमृत विचार

रामलला के दर्शन करने दल रवाना

संवाददाता कालपी

अमृत विचार। रामभक्तों का जत्था शनिवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए रवाना हो गया। इस दौरान बस में सवार रामभक्तों को पूर्व भाजपा विधायक डा अरुण मेहरोत्रा द्वारा मिठाई खिलाई गई। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के वाद विराजमान श्रीरामलला के दर्शन का सिलसिला चल रहा है। अब भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दर्शन के लिए भेजने की शुरुआत की है।

जिसके तहत शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में समूचे जनपद से भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या के लिये रवाना हुए। वहीं कार्यक्रम के तहत कालपी में भी टरननगंज स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक डा अरुण मैहरोत्रा ने सभी 80 कार्यकर्ताओं को माथे में चन्दन व तिलक लगाकर जय श्रीराम के जयघोष के साथ अयोध्या के लिए रवाना किया। इस दौरान भारत सिंह यादव, राकेश पुरवार, हर्षित खन्ना, सतेन्द्र सिंह चौहान, जगत सिंह यादव, दीपान्शु, सुन्नी तिवारी, हर्ष विश्नोई, बृजेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

रामभक्तों के जत्थे को अयोध्या रवाना करते हुए। अमृत विचार

- टरननगंज से 80 श्रद्धालुओं को भाजपा कार्यालय से बस से रवाना किया गया

चयन पर पूर्व छात्रों का किया सम्मान

माधोगढ़। कुठोंद की चंद्रा लाइब्रेरी में पढ़ने वाले पांच छात्रों का शनिवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा सम्मान किया गया है। इन छात्रों का चयन शासकीय सेवा में हुआ है। एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष कैप्टन राम कुमार व उपाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय ने छात्रों को सम्मानित किया। इसमें लाइब्रेरी के सदस्य रहे लेखापाल हरिकेश राठौर का चयन एसएससी में, सूर्य त्रिपाठी का सीएचएसएल में, ऋषभ शुक्ला का एसएसआर में, मोहित पाल का अग्नि वीर में, प्रिंस का अग्नि वीर में चयन हुआ। लाइब्रेरी के फाउंडर उमेश चंद्रा ने कहा वह खुद आर्मी से रिटायर हैं, रिटायरमेंट के बाद जब वह कुठोंद आए तो शिक्षा का अभाव देखा और लाइब्रेरी शुरू की।

शिव की बारात में जमकर नाचे भक्त

संवादाता, माधौगढ़, (जालौन)

अमृत विचार। महाशिवरात्रि के अवसर पर रामेश्वर धाम माधौगढ़ से बैंड बाजा एवं डीजे के धुन पर शिव की बारात निकाली गई, इसमें भोलेनाथ और पार्वतीजी की झांकियां एवं राम लक्ष्मण जानकी की झांकी उल्लेखनीय रही। बारात रामेश्वर धाम से चलकर नगर के मुख्य बाजार से होते हुए सभी सड़कों से होकर बाजार में आई। नगर वासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। किसी ने गन्ने का जूस पिलाया किसी ने केला फल आदि बारातियों को खिलाएं। बारात के उपरांत डीजे की प्रतिस्पर्धा रखी गयी जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले साउंड एडीटर को पुरस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर अंशू साउंड सर्विस को चुना गया। जबकि दूसरे स्थान पर आशीष एवं तृतीय स्थान पर हिमांशु साउंड सर्विस रहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास, ब्लॉक प्रमुख राहुल शाक्य, प्रबल प्रताप सिंह, राजकिशोर गुप्ता, बंटी नेता, मुकेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, सुनील शर्मा, डॉ रत्नेश कुमार, शिव प्रताप सिंह, लखन रेजा, संतोष शिवहरे आदि मौजूद थे।

शिव बारात में सजाई गई झांकी। अमृत विचार

- वर यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, लोगों ने गन्ने का रस पिलाया और फल बांटे

भजनों की धुन पर झूम उठे श्रोता

उरई। महाशिवरात्रि पर शुक्रवार रात को कोच कस्बे के गांधीनगर स्थित पंच मुखी महादेव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्थानीय लोक गायकों ने भगवान भोले की उपासना में धार्मिक लोक गीत प्रस्तुत किए गए। भजन संध्या में भगवान गणेश व महावीर हनुमान की भी आराधना भजन के माध्यम से की गई। कार्यक्रम अर्धरात्रि तक चला। भजन गायक आदित्या श्रीवास्तव, सरस्वती वर्मा, तनिष्क ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। राजा तिवारी, सोनू सोनी, रामू नारायण, अनजानी दुबे आदि मौजूद थे।

शराब दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

संवाददाता,उरई

अमृत विचार। आगामी त्यौहारों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की टीम ने शराब ठेकों की छापेमारी की। शनिवार को पुलिस, प्रशासन व आबकारी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने शहर में स्थित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों पर औचक छापा मार कर दुकान के अंदर रखे स्टाक का गहनता के साथ परीक्षण किया। विदेशी मदिरा की दुकानों पर छापामार कार्रवाई में उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर उरई के अलावा आबकारी अधिकारी शामिल रहे, शराब की दुकानों के स्टॉक, और अभिलेखों में दर्ज स्टॉक में मिलन भी किया गया। संबंधित अधिकृत दुकानदारों को मिलावटी शराब नहीं बेचने तथा त्यौहारों में शासनादेश का पालन करने के कड़े निर्देश दिए गए।

दुकान का निरीक्षण करते अधिकारी।

जवानों ने रूट मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी रूट मार्च कर रहे हैं ताकि आमजन में सुरक्षा का अहसास हो और अपराधियों में खौफ रहे। क्षेत्राधिकारी सदर गिराजाशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में स्थानीय पुलिस एवं पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने डकोर में पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। क्षेत्राधिकारी सदर त्रिपाठी ने कहा कि अगर किसी अराजकतत्व ने लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी, गड़बड़ी करने वाले को बख्सा नहीं जाएगा, वह चाहे कितना ही पहुंच वाला हो।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के तहत निकाले गए रूट मार्च में शामिल अधिकारी और जवान। अमृत विचार

अधिकारियों के साथ जवानों ने किया रूट मार्च

माधोगढ़। एसडीएम, कोतवाल के साथ आरएएफ के जवानों रूटमार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलवाया। मार्च माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एसडीएम विशेश्वर दयाल सिंह, क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई और प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने जवानों के साथ मार्च किया। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि सभी लोग त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं तथा किसी भी तरह की कोई अशांति न फैलाएं। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान माधोगढ़ कस्बा का भी भ्रमण किया और मुख्य रूप से बाजार के अंदर मुख्य चौराहों व दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए।

सार-संक्षेप

ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज बने जितेंद्र सिंह

कालपी। कोतवाली उरई से स्थानांतरित होकर आए तेजतर्रार उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कालपी कोतवाली की महत्वपूर्ण पुलिस चौकी ज्ञान भारती छौंक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने अधीनस्थ गांवों में गस्त करके इलाके का जायजा लिया। ज्ञात हो कि ज्ञान भारती चौकी के प्रभारी अभिषेक के स्थान पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के द्वारा उरई कोतवाली की कोंच बस स्टाप चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह को कालपी कोतवाली की ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज बनाया है। फतेहगढ़ जनपद के मूल निवासी 2018 वैच के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह इससे पहले जनपद के विभिन्न थानों में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन कर चुके हैं।

जितेंद्र सिंह।

सभासद बोले, पानी और बिजली के कनेक्शन किए जाएं

उरई। नगर पालिका परिषद उरई के वार्ड सात के कांग्रेस सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने मोहल्ले के लोगों की समस्या को देखते हुए वार्ड में पेयजल एवं विद्युत पोल लगवाये जाने की मांग प्रशासन से की। सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने बताया कि ठेकेदार ने पानी लाइन तो बिछायी है, मगर मोहल्ले में कनेक्शन नहीं दिए, जिससे पानी की किल्लत है। इस पर उन्होंने लाइट के खम्मे तथा पानी के कनेक्शन करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सरकारी हैण्डपम्प जो लगे हैं वह खराब हैं। इसकी वजह से मोहल्ले के लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी से ठेकेदार द्वारा सप्लाई चालू नहीं करवाई जा रही है, जबकि मोहल्ले के लोग कनेक्शन लेने को तैयार हैं।

एक बस की डिग्गी में रखी जा रही बोरियां। अमृत विचार

कारोबारियों को बेचा जा रहा गरीबों का हक

उरई। गरीबों के हक का राशन कारोबारियों को बेचा जा रहा है। राशन माफिया खुलेआम ब्लैक में सरकारी राशन बेच रहे हैं। कथिततौर पर जगह-जगह से कोटेदारों से राशन खरीदकर गल्लामंडी चौकी क्षेत्र में एक मकान में भंडारण किया जाता है। फिर इकट्ठा राशन को रात के अंधेरे में ट्रक में लोडकर चावल से निर्मित खाद्य वस्तुओं की निर्माता फैक्ट्री को कानपुर या अन्यत्र भेजकर लाखों की काली कमाई की जा रही है। राठ रोड पर प्राइवेट बस के द्वारा भी चावल की सप्लाई की जाती है। आरोप है कि प्राइवेट बस में 4 से 6 क्विंटल चावल रोज बस से भेजा जाता है। चावल माफिया 40 किलो की बोरियों में भरकर इनको राठ में भेचते हैं। लोगों ने बताया कि राशन माफिया के कई गुप्त गोदाम मंडी चौकी क्षेत्र में हैं।

चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा

उरई। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से करवाने को लेकर शनिवार को प्रांतों के अधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई। माधोगढ़ क्षेत्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश के सीमावर्ती माधोगढ़ कोतवाली व कोच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों और सीमावर्ती मध्यप्रदेश के क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की।

बदहाली जर्जर है पिरौना से जमरोही सड़क ,वाहन से 8 किमी सफर तय करने में छूटता है पसीना

बाबू जरा संभलना, बड़े गड्ढे हैं इस राह पर

संवाददाता, माधोगढ़

अमृत विचार। पिरौना से जमरोही सड़क मार्ग राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। 8 किमी की सफर तय करने में वाहन चालकों के पीसने छूट जाते हैं। हालत ये है कि सड़क से गिट्टी निकलकर बाहर आ गई है, जिससे अक्सर बाइक चालक फिसल कर जख्मी हो जाते हैं।

दरअसल जमरोही कलां गांव नेशनल हाइवे से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय इस मार्ग से जाने में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती हैं, जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसको ले जाने के लिए करीब आध एक घण्टा समय लग जाता है। तब मेन हाइवे पर पहुंच पाते हैं, वहीं बरसात के मौसम में तो छोटे-छोटे गड्ढे भी खाई जैसे दिखाई देते हैं। बरसात के दिनों में लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है, वहीं सड़क पर पानी जमा होने से हालात ज्यादा बिगाड़ जाते हैं। जर्जर सड़क के चलते ग्रामीणों में गहरा रोष है। अशोक, सुधीर कुमार, पवन, राजवीर सिंह, दीपक और प्रमोद गुप्ता का कहना है कि काफी समय से सड़क उखड़ी व टूटी पड़ी है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। बेशक प्रशासन सड़कों की मरम्मत करवाने की बात कहता हो, लेकिन कागजों में विकास हो रहा है, जबकि हकीकत सबके सामने हैं। लोगों ने प्रशासन से जमरोही कलां गांव की सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है। भाजपा के पिरौना बूध अध्यक्ष हरिश्चंद्र पांचाल ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें बताया कि सड़क खराब होने के कारण एक कार्यक्रम के दौरान बस जमरोही कलां गांव तक नहीं पहुंची थीं, हालांकि आश्वासन दिया गया।

क्षतिग्रस्त पिरौना से जमरोही मार्ग। अमृत विचार

बीमार होने पर होती है ज्यादा समस्या

सड़क क्षतिग्रस्त होने से इस सड़क मार्ग से जुड़े गांवों में कोई बीमार होतो हैं तो उसे अस्पताल पहुंचाने में खासी परेशानी होती है। आठ किमी का सफर तय करने में घंटों का समय बर्बाद हो जाता है। लोगों ने जल्द सड़क सुधरवाए जाने की मांग की है।

गायों को हरा चारा दें, साफ सफाई का रखें विशेष ध्यान

संवाददाता कालपी

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा ने शनिवार को कदौरा स्थित कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिये।

दोपहर को औचक तरीके से गोशाला में पहुंचने पर जिलाधिकारी ने गायों की गणना की तथा रजिस्टर से मिलान किया। उन्होंने भूसे के स्टाक का निरीक्षण किया, पानी तथा छाया की व्यवस्था को भी देखा। गायों के बैठने के लिए जरूरी उपाय तथा इंतजाम बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने मौके में मौजूद जिम्मेदार कर्मचारियों को हिदायत दी कि गोशाला के परिसर में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था की जाए। कहा कि गायों के लिए गोशाला में पुख्ता इंतजाम किए जायें। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान गोशाला में जिलाधिकारी ने जिम्मेदारों को हरे चारे की व्यवस्था, स्वच्छता बनाए रखने के लिए हिदायत दी। इस दौरान उपजिलाधिकारी हेमंत सोरेन, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के अलावा जिम्मेदार कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

गोशाला का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

परीक्षाएं समाप्त, मूल्यांकन की तैयारी

अंतिम दिन हाईस्कूल में उर्दू, इंटर में संस्कृत का प्रश्नपत्र, इस बार नहीं मिले नकलची

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। 22 फरवरी से शुरू हुईं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडियट की परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गईं। पूरी परीक्षा में एक भी नकलची नहीं मिला और शांतिपूर्वक नकलविहीन परीक्षाएं समाप्त हो गईं। जिससे माध्यमिक शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली है। अब कापियों का मूल्यांकन कराए जाने की तैयारी शुरू हो गई है।

सम्भवतः जिले में चार कॉलेजों में कापियां जांची जाएंगी। इनमें दो कॉलेजों में हाईस्कूल और दो कॉलेजों में इंटर की कॉपियां जांची जाएंगी। मूल्यांकन का यह कार्य 16 मार्च से शुरू कर दिया जाएगा। इस साल यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू कराई गई थीं, जो 9 मार्च तक चलीं। इस दौरान दो पालियों में परीक्षाएं कराई गईं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 67631 परीक्षार्थियों के लिए जिले के 117 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, जिनकी निगरानी में परीक्षाएं कराई गईं। इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों ने नजर रखी। सचल दलों ने भी छापामारी की। इस साल शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक ने एक दिन जिला में पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अब परीक्षार्थियों की निगाह भी रिजल्ट पर है। जिससे आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल कॉलेज को चुनकर पसंद के कोर्स की तैयारी की जाए। इस बार एक भी नकलची जिले में नहीं पकड़ा गया है। जिससे विभाग समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

पहली पाली में 56, दूसरी में 86 रहे गैरहाजिर

यूपी बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें पंजीकृत कुल 565 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 20 ने परीक्षा छोड़ दी और 545 ने परीक्षा दी। इसी तरह से इसी पाली में इंटर की व्यवसायिक विषयों की परीक्षाओं में पंजीकृत 888 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 36 की अनुपस्थिति दर्ज की गई। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की कोई परीक्षा नहीं रही। इंटरमीडियट में संस्कृत विषय की परीक्षा में पंजीकृत 2109 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 86 गैरहाजिर रहे और शेष ने परीक्षा दी। अंतिम दिन भी सचल दल केंद्रों का निरीक्षण करते रहे लेकिन एक भी नकलची हाथ नहीं लगा। परीक्षा देकर केंद्रोंअ से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों में खुशी नजर आई। इनका कहना रहा है सकुशल परीक्षा निपट गई अब परिणाम का इंतजार रहेगा।

इन कॉलेजों में होगा मूल्यांकन

- राजकीय इंटर कालेज फतेहपुर
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज
- सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार

13 से होंगे छूटे प्रैक्टिकल

बोर्ड परीक्षार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं पहले ही करा ली गई थीं। इसके बाद छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षाएं भी कराई गईं। इसके बाद भी जो परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए हैं, उनको एक और मौका बोर्ड ने दिया है। अब उनकी प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 मार्च से कराई जाएंगी। छूटी हुई प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है।

जेएसवाई का लाभ पाने के लिए भटक रहीं प्रसूताएं

फतेहपुर। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूताएं प्रोत्साहन राशि के लिए अस्पताल व बैंक शाखाओं का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रसूताओं के लिए केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना संचालित है। सैकडों प्रसूताओं को अभी तक जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसमे कई प्रसूताएं इस योजना के लाभ से सालों से वंचित हैं। इस योजना के तहत संस्थागत अस्पताल में प्रसव होने पर ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को 1400 तो शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये लाभार्थी के बैंक खाते में दिए जाते हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्र की कई प्रसूताओं को कई माह बीतने के बाद भी राशि नहीं मिल पाई है। बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं सीएचसी और बैंक का चक्कर काट रही हैं। इसे लेकर प्रसूताओं में नाराजगी है।

निपुण बनने पर मिले सम्मान से गदगद प्रधानाध्यापक व अन्य। अमृत विचार

244 परिषदीय विद्यालय बने निपुण, प्रधानाध्यापक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- संबंधित बीईओ, एसआरजी समेत एआरपी का भी सम्मान
- निपुण प्रधानाध्यापकों को अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

अमृत विचार। दोआबा के 244 परिषदीय विद्यालय निपुण श्रेणी में आ गए हैं। शनिवार को शहर के प्रेक्षागृह में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रमोद कुमार चंद्रौल की अध्यक्षता में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। जिसमें संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों समेत बीईओ आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के 244 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित एसआरजी जयचन्द पांडेय, राधेश्याम दीक्षित, प्रवीण शुक्ल, बीईओ देवमई जय सिंह, बीई हसवां आशीष कुमार, प्रणवीर सिंह, विजय द्विवेदी, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, विवेक गुप्त, आशीष त्रिपाठी, आलोक कुमार एआरपी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। देवमई विकास खंड के सर्वाधिक विद्यालय निपुण होने में कुशल नेतृत्व देने वाले बीईओ प्रवीण शुक्ल एवं विनय मिश्र डायट मेंटर को भी सम्मानित किया गया। वहीं रंगोली आदि में सदैव सहयोग करने वाली टीम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने निपुण विद्यालय के रूप में उभरे 244 विद्यालय को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सतत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन मीनू मिश्रा ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण अशोक त्रिपाठी, अरुण मिश्र, एमएल वर्मा, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

गर्मी में बिजली की चोरी रोकने की तैयारी में विभाग

संवाददाता फतेहपुर

- मार्निंग व नाइट रेड के जरिए पकड़ी जाएगी चोरी

अमृत विचार। इस बार गर्मी में बिजली चोरी करना भूल जाइए। विभाग इसे रोकने के लिए तैयारी कर रहा है। मुख्यालय से इसका मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मार्च का महीना शुरू होते ही बिजली की खपत में इजाफा होने लगा है। मई और जून में खपत दोगुनी से अधिक होने का अनुमान है।

इस दौरान बिजली चोरी व लाइनलॉस की घटनाओं को रोकने के साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अफसर तैयारी शुरू करेंगे। अभियंता, एसडीओ के अलावा बिजली विजलेंस भी लाइन लॉस कम करने व उपकरणों को बदलने के लिए काम शुरू करा चुके हैं। रिवैम्प के अलावा अनुरक्षण माह में भी इसके सुधार की तैयारी शुरू की है। अफसर कहते हैं कि जिन इलाकों में बिजली चोरी गर्मी के दिनों में अधिक होती, वहां सुधार के लिए टीमें गठित की जाएंगी। मॉर्निंग, नाइट रेड से पड़ताल कराकर लाइन लॉस कम करने के प्रयास होंगे। उपकेंद्रों में अभियंताओं के अलावा टीजी-2 व कर्मियों को भी इसका जिम्मा दिया जाएगा। इंजीनयर बताते है कि मुख्यालय पर ही मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।



भार बढ़ने पर जलते हैं ट्रांसफार्मर

फतेहपुर। गर्मी शुरू होते ही घरों मे कूलर, पंखे और एसी चलना शुरू हो जाते हैं। जिसका सीधा असर ट्रांसफार्मरों पर पड़ने लगता है। भार अधिक होने के कारण बिजली विभाग को लाइनलॉस की समस्या से रूबरू होना पड़ता है।

अब अफसर राजस्व बढ़ाने, मरम्मत के कार्य कराने, एवीआर, गर्मियों में भार की क्षमता के साथ ही कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही बिजली चोरी और लाइनलॉस को रोकने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।

महर्षि बगिया में हुआ रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विश्व कल्याण के लिए शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। महर्षि आश्रम अरैल प्रयागराज से संबद्ध शाड स्थित शंकराचार्य मठ से आये वैदिक आचार्यों प्रवीण कुमार तिवारी, अभिषेक पाठक, आशीष द्विवेदी, विष्णु तिवारी व पंडित संजय शर्मा ने स्वस्तिवाचन व वैदिक मंत्रों से पूजन संपन्न् कराया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी मुख्य यजमान के रूप में वैदिक विधि विधान से पूजन किया। शिव भक्त अपने आराध्य का व्रत कर उनके आशीर्वाद की कामना करते है। कार्यक्रम महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड, महर्षि महेश योगी जी के तपोनिष्ठ शिष्य ब्रह्मचारी गिरीश के संकल्पानुसार संपन्न हुआ।

रुद्राभिषक करते विद्यालय परिवार के सदस्य।

- धार्मिक अनुष्ठान में की गई विश्वशांति की कामना

वहीं सहस्त्र शीर्षा पुरुषा मंडल के भूतपूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी व सहस्त्र शीर्षा देवी मंडल की पूर्व अध्यक्षा जागृति तिवारी भी उपस्थित रहीं। पूरा विद्यालय परिसर वेद मंत्रों की ध्वनि से गुंजित व समिधा से सुवासित रहा।

शराब पीने से मना करने पर खुद को मारी थी गोली

फालोअप

संवाददाता, किशनपुर

अमृत विचार। शुक्रवार शाम युवक द्वारा खुद को गोली मार लेने का कारण निकलकर सामने आया है। पत्नी के शराब पीने से मना करने पर आवेश में आकर युवक ने खुद को गोली मार ली थी जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम हुई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के रहने वाले सुखराज पासवान का पुत्र मोहन पासवान शुक्रवार की देर शाम घर शराब पीकर पहुंचा था तो पत्नी ने समझाने का प्रयास किया था। पत्नी के द्वारा समझाने पर पति मोहन ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। मारपीट के दौरान घर के अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया था। घर के सभी लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए। इसी बीच मोहन ने तमंचा से सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब मौके पर पहुंचे तो खून से लथपथ मोहन का शव पड़ा था।

थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक ने तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने बताया है कि मृतक शराब पीने का आदी था।

गरीबों की थाली से दूर हुईं सब्जियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दाल के बाद सब्जियों के दामों में आया उछाल

अमृत विचार। दाल के बाद अब सब्जियों के दाम इस समय आसमान पर हैं। जिससे आने वाले त्योहार पर मेहमान नवाजी करने के लिए लोगों को अपनी जेबे और ढीली करनी पड़ेगी। भिंडी, तरोई के भाव सुनकर लोगों के होश उड़ जाते हैं, क्योंकि इन सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़े हुए हैं। जिससे गरीबों की थाली से सब्जियां भी दूर होती जा रही हैं। बढ़ती महंगाई के कारण गृहणियों का बजट गड़बड़ा रहा है।

गर्मी के मौसम में आने वाली सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे हैं। जिससे लोगों के घरों का बजट बिगड़ गया है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बाहर की मंडी से सब्जियां मंगाई जा रही है। बारिश होने से सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं।

दुकान में सजी सब्जियां।

सब्जियों की कीमतें इस प्रकार हैं

- आलू -20 रुपये
- टमाटर -40 रुपये
- मटर -50 रुपये
- हरी मिर्च -100 रुपये
- अदरक -160 रुपये
- तरोई -80 रुपये
- लौकी -40 रुपये
- करेला - 100 रुपये
- परवल -200 रुपये
- घुइयां -120 रुपये

नोट-दाम प्रति क्रिग्रा के हैं।

आलू ने भी तरेरी आंख

सब्जी विक्रेता बताते हैं कि अभी आलू का भाव 20 रुपये किलो है, होली में चिप्स बनेंगे, आलू कोल्ड स्टोर जा रहा है। जिससे अब 30 से 40 रुपये किलो बिक सकता है। इस बार दैवीय आपदा से किसानों की आलू फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिसका असर बाजार भाव में पड़ रहा है।

रिटायर्ड फौजी की लाइसेंसी बंदूक समेत नगदी चोरी

फतेहपुर। सेवानिवृत्त फौजी के घर का ताला तोड़कर चोर लाइसेंसी बंदूक व पांच लाख के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ललौली थाने के शिवरी गांव निवासी रणधीर सिंह सेवानिवृत्त फौजी हैं। वह पत्नी विमला देवी के साथ मदुरी गांव गए थे। शिवरी गांव में ही बेटे रामदेव सिंह अलग घर में रहता है। गुरुवार को घर के पास पहुंचे बेटे ने घर का ताला टूटा देखकर चोरी की सूचना दी।

रणधीर सिंह ने बताया कि चोर डेढ़ किलो चांदी, साढ़े तीन लाख कीमत के सोने के जेवरात व लाइसेंसी बंदूक चुरा ले गए हैं। फौजी ने गांव के कल्लू पर शक जताया है। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

नहर में डूबे युवक का शव 40 घंटे बाद मिला

संवाददाता बिंदकी

- कोतवाली क्षेत्र के मेउना गांव का मामला, परिजनों में कोहराम

अमृत विचार। नहर में डूबे युवक का शव 40 घंटे बाद मिल गया। शव के मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मेउना गांव में गुरुवार की देर शाम नहर किनारे बैठा ज्ञान पुत्र मन्ना निवासी मेउना कोतवाली बिंदकी असंतुलित होकर नहर में गिर गया था। इसके बाद से सरकंडी चौकी इंचार्ज उप0निरीक्षक सरनाम सिंह पुलिस बल के साथ ग्रामीणों की मदद से लगातार खोजबीन कर रहे थे, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल पा रहा था। यहां तक कि पुलिस ने गांव से करीब 10 किलोमीटर दूर ललौली थाना क्षेत्र तक नहर में खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था।

वहीं युवक को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोर नहर में जाल डालकर भी प्रयास कर रहे थे। इधर शनिवार को करीब 11 बजे यानी लगभग 40 घंटे बाद युवक का शव डूबे हुए स्थान से कुछ दूरी पर ही मिल गया। शव मिलते ही मौके पर भारी भीड़ लग गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। सरकंडी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सरनाम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सार-संक्षेप

चाट के ठेले में कार ने मारी टक्कर, चाट विक्रेता की मौत

गाजीपुर। तेज रफ्तार कार एक चाट के ठेले को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में चाट विक्रेता समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने चाट विक्रेता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खनसेनपुर गांव निवासी नंदकिशोर उर्फ चन्द्र किशोर अपने दरवाजे पर चाट का ठेला लगाता है। शनिवार को भी वह दरवाजे पर ठेला लगाए था। इसी दौरान औगासी की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने चाट के ठेले पर टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर के साथ उसके चाचा रामविलास और चाट खा रहे सेवरामऊ निवासी सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नंदकिशोर को गाजीपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

मनमानी

निर्देशों के बावजूद महाशिवरात्रि पर जनपद का कोई भी पशु चिकित्सक अस्पताल में नहीं रहा मौजूद

डॉक्टर गायब, गोशाला-अस्पताल रहते राम भरोसे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आवश्यक सेवाओं के तहत आने वाले पशु अस्पतालों में बीते शुक्रवार को बिना अवकाश के ही जिले से लेकर क्षेत्र के पशु अस्पतालों में वीओ और डिप्टी वीओ नदारत रहे। जबकि पशु अस्पताल खुले रहने चाहिए, यह पहला अवसर नहीं जब आवश्यक सेवाओं को प्रभावित किया गया हो।

प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के तहत छुट्टी वाले दिन भी अस्पताल में पशु चिकित्सकों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। वहीं शासन के निर्देशानुसार प्रति दिन पशु चिकित्सक द्वारा गोशालाओं के पशुओं का रूटीन स्वास्थ्य चेकअप करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद का कोई भी पशु चिकित्सक अस्पताल में उपस्थित नहीं रहा और सभी छुट्टी मनाते रहे।

पशु चिकित्सा सेवाओं को लेकर पहले से ही जनपद में कोई अच्छे हालात नहीं रहे। सेवाओं के प्रति पशु चिकित्सा अधिकारियों की उदासीनता की ही वजह है कि समूचे जनपद में झोलाछाप पशु चिकित्सकों की बाढ़ आई हुई है। सूत्रों की मानें तो ये झोलाछाप चिकित्सक इन्ही राजकीय पशु चिकित्सालयों की देन हैं। जिनके चिकित्सक अपने काम से बचने के लिए इन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

बिंदकी के पशु अस्पताल में पसरा सन्नाटा।

तीन अस्पतालों में है तैनाती

जिले के तीन पशु अस्पतालों में उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी तैनात किए गए हैं। बिंदकी अस्पताल में डॉ. महेंद्र प्रताप राठौर, खागा में डॉ. अविनाश चंद्र कमल तथा सदर में महेंद्र प्रताप की तैनाती है। सभी अस्पताल की सरकारी सेवाओं से नदारद रहे। पशु चिकित्सालय की सेवाएं चतुर्थ कर्मचारी या अन्य के भरोसे चली। जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह दिखे। सरकारी सेवाओं की बात करें तो शुक्रवार को पशु चिकित्सक की कुर्सी खाली मिली।

जिले में 36 पशु अस्पताल

जिले में पशु चिकित्सालय की संख्या 36 है। जिसमें तीन अस्पताल में डिप्टी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी की तैनाती की गई। अन्य अस्पतालों में पशु चिकित्सक तैनात हैं। शुक्रवार को सरकारी अस्पताल में चिकित्सक के नदारत रहने से पशुपालक परेशान रहे। कुछ इसी तरह का हाल गोशालाओं का रहा जहां पशु चिकित्सक पशुओं का रुटीन निरीक्षण करने पशु चिकित्सक नहीं पहुंचे।

> महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अवकाश घोषित था लेकिन पशु चिकित्सकों को क्षेत्र व सरकारी अस्पताल में अवकाश में भी रहने के निर्देश दिए गए थे।
>
> -डा. नवल किशोर, सीबीओ।

जेई और लाइनमैन पर गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट

फतेहपुर। कई माह पूर्व बिगड़ी लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई थी। मजदूर की पत्नी ने बिजली विभाग के जेई, लाइनमैन के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

मलवां थाना क्षेत्र के झाउमेदनीपुर निवासी दीपिका ने बताया कि पति संदीप विद्युत उपकेंद्र मलवां में मजदूरी का काम करते थे। विद्युत लाइन उपकेंद्र के अवर अभियंता सुंदरम यादव, लाइनमैन रितिक कुमार के कहने पर 21 जुलाई 2023 को वह करसवा में लाइन ठीक करने गया था। शटडाउन के बावजूद अवर अभियंता व लाइनमैन ने लापरवाही से अचानक विद्युत लाइन चालू कर दी थी। जिससे उसके पति की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

वायु प्राणशक्ति की संचालक

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते में सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

(1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणौ-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछतें हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतों आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वाुय से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थों को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

जिंदगी में सजगता जरूरी

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

कविता तूने मुझको क्या दिया

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताइए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

सुलह समझौते से निपटे एक लाख नौ हजार वाद

19 वैवाहिक प्रकरण निस्तारित, 15 जोड़ों की एक साथ हुई विदाई, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जजी परिसर में किया गया आयोजन

राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता इटावा

- अभी तक के सबसे ज्यादा मामले निस्तारित किए गए

अमृत विचार। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जजी परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। शनिवार को लोक अदालत में कुल 1,09279 मामलों का निस्तारण किया गया। इटावा जिले में शनिवार की लोक अदालत में अभी तक के सबसे ज्यादा मामले निस्तारित किए गए हैं।

शनिवार की सुबह जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर लोक अदालत का

उदघाटन किया । इस लोक अदालत में 109279 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें से आर्बिट्रेशन के वादों में जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश द्वारा 5, अपर जिला जज पंचम नीरज कुमार गर्ग द्वारा 1, अपर जिला जज दशम यज्ञेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 1 व अपर जिला जज सप्तम आलोक श्रीवास्तव द्वारा 3, कुल मिलाकर 10 वादों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आनन्द प्रकाश द्वितीय द्वारा 19 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य विवादों में कुल 4 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। कल्पना द्वितीय स्पेशल जज पोक्सो तथा मध्यस्थ अधिवक्ता राजीव दीक्षित की पीठ द्वारा किया गया तथा कुल 15 जोड़ों की साथ विदाई करायी गयी। स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती द्वारा 4 व मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा कुल 7429 वादों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि न्यायिक अधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों व बैंको से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन के 101323 वाद निस्तारित किए गए जिनमें 41,74,05522 रुपये वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन तथा लम्बित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 419425164 रुपये वसूल किए गए। इस लोक अदालत में विभिन्न दूर-सुदूर क्षेत्रों से आए हुए लोगों को बैंकों के ऋण के भुगतान के संबंध में अच्छी छूट दी गई। कारगार, इटावा में निरूद्ध बंदियों व सम्प्रेक्षण एवं विशेष गृह में निरूद्ध किशोरों द्वारा निर्मित उत्पादों की ब्रिकी के लिए प्रदर्शनी लगाई गई।

जजी परिसर में लगाए गए स्टाल को देखते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

बंदियों के बनाए सामान का लगाया गया स्टॉल

इटावा। लोक अदालत में पहली बार केंद्रीय कारागार के बंदियों द्वारा बनाए गए सामान का स्टाल लगाया गया। जिसमें बंदियों के द्वारा बनाए गए खिलौने में गुड़िया, मुकुट के अलावा रुमाल गमछा बेडसीट गमले तकिया कवर कुर्ता चादर आदि सामान की बिक्री की गई। जहां न्यायिक अधिकारियों के अलावा वकीलों ने भी खरीदारी की। इसके अलावा सम्प्रेक्षण गृह व विशेष सम्प्रेक्षण गृह के बंदियों के द्वारा बनाए गए सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। इन स्टालों का उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर केद्रीय कारागार के अधीक्षक डा रामधनी सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक शिशुपाल सिंह वीरेंद्र मौर्या के अलावा शिक्षक राम मोहन तिवारी आफताफ अहमद भी मौजूद रहे।

कृषि विवि के कुलसचिव ने किया निरीक्षण

इटावा। चंद्र शेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय, सहायक कुलसचिव एसके श्रीवास्तव एवं सत्येन्द्र कटियार कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा परिसर में चल रही कृषि, मत्स्य एवं दुग्ध महाविद्यालयों की फाइनल परीक्षाओं का निरीक्षण किया। कुलसचिव ने प्रत्येक कमरे में जा कर चल रही परीक्षाओं की व्यवस्था को बारीकी से देखा। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र अधीक्षक डॉ एनके शर्मा, अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण संकाय को विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीकरण कराकर कक्षायें प्रारंभ करने के निर्देश दिये।अंतिम वर्ष के छात्रों से मुलाक़ात करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। इस अवसर पर उनके साथ महाविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ. पीकेएस भादौरिया, प्रभारी परीक्षा इंजी ब्रजेश कुमार यादव तथा डॉ. देवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

अयोध्या रवाना होते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व अन्य।

रामलला के दर्शन को रवाना हुए भाजपाई

इटावा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने राम मंदिर में विराजे श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए इटावा से जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया के नेतृत्व में 70 बसों से 4000 भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शनिवार की सुबह अयोध्या रवाना हुए।

सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है कि उन्हें रामलला के ऐसे दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। भगवान के आशीर्वाद और इच्छा के कारण एवं पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रतिबद्धता के कारण यह देव कार्य संभव हो पाया। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने बताया कि जनपद इटावा जिले की तीनो विधानसभा के प्रत्येक मंडल से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की गई है। 70 बसों से 4000 कार्यकर्ता श्रीरामलला के दर्शन के लिए रवाना हो रहें है। सांसद की पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, हरनाथ कुशहवाह, विमल भदौरिया, संजीव भदौरिया, विनीता गुप्ता, विरला शाक्य, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, अंकित सैनी, प्रीति दुबे, ओम प्रताप गौर बंटू, राहुल राज वर्मा, सुनीता तिवारी, ममता गुप्ता, राजकुमारी तिवारी, ज्योति सक्सेना, साधना सक्सेना दर्शन करने गए हैं।

मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं खेल : प्रो. महेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। केके कॉलेज इटावा के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति 2024 के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने कहा खेलों से मानवीय मूल्यों एवं सामूहिक चेतना का विकास होता है। खेल शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक रूप से भी हमें मजबूत बनाते हैं।

दो दिन के क्रीड़ा समारोह में छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। समापन समारोह में प्रबंध समिति के उपमंत्री एवं योग शिक्षक डॉ. श्रीकांत ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल एवं योग सभी के लिए आवश्यक है। उत्कृष्ट आयोजन के लिए प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर एवं क्रीड़ा समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी।

इस अवसर पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.उमेश यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। कोषाध्यक्ष सलिल वर्मा ने अंगवस्त्र, बुके व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विजेताओं के साथ प्राचार्य महेंद्र सिंह एवं अन्य।

दौड़ प्रतियोगिता में कीर्ति ने बाजी मारी

बकेवर, इटावा। नेहरू युवा केंद्र संगठन ने युवती वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता जनता कॉलेज बकेवर खेल मैदान पर करायी। जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रथम स्थान पर कीर्ति , द्वितीय स्थान पर प्रिया , तृतीय स्थान पर तनु रहीं । कार्यक्रम संयोजक आदित्य मोहन शर्मा ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक एड आदित्य मोहन शर्मा, पूर्व प्राचार्य डा एमपी यादव, पीटीआई मीनू त्रिपाठी, प्रो . नवीन अवस्थी, अजीत अग्नोहत्री, देवेश चौबे, रत्ना शुक्ला कर्मचारी अनिल कुमार, आशीष दुबे, निकेतन गुप्ता, गुड्डन, रिंकू आदि मौजूद रहे।

संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताएं खेल स्टेडियम में हुईं, जिसमें 800 मीटर दौड़ छात्र में प्रथम साहिल, द्वितीय टिंकल शर्मा तथा तृतीय स्थान प्रशांत वर्मा ने प्राप्त किया। गोला फेंक छात्र में प्रथम गजेंद्र, द्वितीय टिंकल शर्मा एवं तृतीय स्थान रॉकी ने प्राप्त किया। 3000 मी. छात्र दौड़ में प्रथम साहिल, द्वितीय टिंकल शर्मा व तीसरा स्थान प्रशांत ने प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन पुरुष का ख़िताब बी ए तृतीय वर्ष के साहिल और ओवरआल चैंपियन महिला का ख़िताब बीए द्वितीय वर्ष की राखी ने प्राप्त किया। आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर ने सभी का आभार प्रकट किया। समारोह का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

नारी शक्ति फिटनेस रन में ऋचा व मोहिनी अव्वल

इटावा। भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र एवं पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला फिटनेस रनमें बढ़पुरा ब्लाक में ऋचा यादव और बसरेहर ब्लाक में मोहिनी को प्रथम स्थान मिला। जिला युवा अधिकारी सोनिका चन्द्रा और पानकुंवर के प्रबंधक डा . कैलाश यादव ने दौड़ का उदघाटन किया। पांच सौ मीटर की दौड़ में 25 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रबंधक डॉ कैलाश चंद यादव ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है एवं आपने अधिकारो के प्रति धीरे धीरे सजग हो रही है। संचालन कविता ने किया। पंचायत प्रधान पारुल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का उद्घाटन किया। जहां प्रथम स्थान मोहिनीं, द्वितीय मुस्कान एवं तृतीय स्थान रागिनी ने हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। नेहरू युवा केंद्र इटावा के लेखाकार श्रवण कुमार बाथम , खंड स्वयंसेवक प्रियंका ,धारवी मौजूद रहीं।

पीएम सूर्य घर योजना का पंजीयन व सर्वे शुरू

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अब तक 1400 उपभोक्ताओं ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

अमृत विचार: गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के उपभोक्ताओं को महंगे बिजली से निजात दिलाने के लिए पीएम ने सूर्य घर योजना के माध्यम से घरों में सोलर पैनल लगाए जाने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। सीएससी द्वादा जनपद के सभी गांवों में सर्वे किया जा रहा है। अब तक जनपद के 1400 उपभोक्ता इस योजना के तहत पंजीकरण कर चुके हैं।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना लॉन्च की गई, जिसमें गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवार को महंगे बिजली के बिल से निजात दिलाने के लिए देश भर के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने का अभियान शुरू किया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रीन एनर्जी मिशन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। सर्वे का कार्य सीएससी यानी कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों द्वारा डोर टू डोर किया जा रहा है। सीएससी जिला प्रबंधक ध्रुव कुमार सिंह व जैकी खान ने बताया यह कार्य जन सेवा संचालक के माध्यम से होना है। अभी तक जनपद में लगभग 1400 उपभोक्ताओं ने इस योजना का पंजीकरण किया है। इस योजना के पंजीकरण के लिए कोई भी नागरिक उपभोक्ता अपने 6 माह पुराने कोई एक बिजली का बिल और अपने छत की फोटो को देकर निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। पूरे जनपद के 469 ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा इसका सर्वे किया जा रहा है। यह योजना भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के परस्पर समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है। मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है, जिसका उद्देश्य भारत के घरों में मुफ्त बिजली प्रदान करना है। यही योजना 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की थी।

डोर टू डोर सर्वे करतीं सीएससी नैन्सी शिवहरे। अमृत विचार

दौलत नहीं, ज्ञान से सुखी होता है मनुष्य : भाऊ जी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सद्गुरु ही दिखा सकते हैं मोक्ष का मार्ग

अमृत विचार। संत भाऊ जी महाराज ने कहा है कि धन दौलत से असली सुख नहीं मिलता, ज्ञान प्राप्त करके ही मनुष्य सुखी हो सकता है। सद्गुरु व्यक्ति को ज्ञान कराता है और मोक्ष का मार्ग दिखाता है इसलिए सभी को सदगुरु करना चाहिए और गुरु दीक्षा लेनी चाहिए।

यहां आवास विकास कालोनी में सत्संग के दौरान पत्रकारों से बातचीत में भाऊ जी महाराज ने कहा कि गुरु की शरण में जाना चाहिए। गुरु ही हमें सच्चा मार्ग दिखाते हैं। उन्होने कहा कि इंसान को अपने जीवन में संसार में प्रेम से रहना चाहिए और पुण्य के कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य प्रेम से रहे, पुण्य के कार्य करें तो स्वर्ग तो अपनी जन्मभूमि पर ही है। भाऊ जी महाराज ने कहा कि भारत माता सबसे अच्छी है। हमारा देश सबसे अच्छा है। विदेशों में भी अब भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। सभी को मिलकर देश के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म मिला है तो इस जन्म में अच्छा कार्य करें, पुण्य के कार्य करें। उन्होने शिवरात्रि पर संत्सग भी कराया। इस मौके पर विश्व हिन्दु परिषद के जिलाध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी, दिनेश राठौर, सुरेश गुप्ता, प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार, रिषी द्विवेदी मौजूद रहे।

सौंपा ज्ञापन | ओलावृष्टि से प्रशासन का सर्वे दस से तेरह फीसद का दिखा रहा नुकसान

भाकियू ने प्रदर्शन कर उठाई दोबारा सर्वे की मांग

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

अमृत विचार: ओलावृष्टि में खराब हुई किसानों की फसलों का दोबारा सर्वे करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग उठाई। किसान नेताओं ने 80 फीसद तक फसलों के नष्ट होने का दावा किया है, जबकि प्रशासन ने जो सर्वे कराया है उसमें 10 से 13 प्रतिशत का ही नुकसान का आंकलन किया गया है। भाकियू ने मांग की है कि दोबारा से सर्वे कराया जाए, अन्यथा किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होगा।

हाल में ही ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों को लेकर प्रशासन द्वारा कराएं गए नुकसान के सर्वे पर किसानों का आक्रोश फूटने लगा है। प्रशासन द्वारा जो सर्वे किया गया है उसमें ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से फसलों का नुकसान का आंकलन मात्र दस से तेरह प्रतिशत किया गया है, जिससे किसानों का आक्रोश भड़कने लगा है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुशील चौरिहा के नेतृत्व में शनिवार को यूनियन के पदाधिकारी व किसानों ने किसानों की अस्सी प्रतिशत फसल नष्ट होने का दावा करते हुए उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर किसानों के नुकसान का दोबारा सर्वे कराए जाने की मांग की है। हाल ही में कराए गए सर्वे को फर्जी आंकड़ा बताते हुए ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर, फतेहगंज, बघेलाबारी, जबरापुर समेत एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि 80 फीसद फासलें नष्ट हो चुकी हैं। इसके साथ ही अतर्रा कस्बे के अन्ना जानवरों द्वारा ग्रामीण किसानों की फसल नष्ट करने व पालिका प्रशासन द्वारा अन्ना जानवरों की व्यवस्था न करने का आरोप लगाते हुए अन्ना जानवरों पर शहर में प्रवो पर रोक लगाने की मांग उठाई है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि किसानों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। उनके फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन फर्जी आंकड़ों में नुकसान नाममात्र का दिखाया जा रहा है। यह अत्यंत दुखद है। जल्द ही अगर दोबारा सर्वे नहीं कराया जाता और किसानों को राहत नहीं दी जाती तो किसान यूनियन सड़क पर उतरकर किसान हित में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस दौरान किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार पांडेय, महेश प्रसाद पटेल, दिलीप कुमार द्विवेदी, राजनारायण आदि मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता।

मतदाता सूची का प्रदर्शन अभियान एक दिन बढ़ाएं

इटावा। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। इसके लिए 9 और 10 मार्च की तारीख तय की गई है। 9 मार्च को यूपी बोर्ड की परीक्षा होने और कई विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होने के कारण वहां बीएलओ नहीं पहुंच पाए जिससे मतदाता सूची पढ़कर नहीं सुनाई जा सकी।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने मांग की है कि मतदाता सूची को मतदान केंद्र पर पढ़कर सुनाए जाने के अभियान को एक दिन और बढ़ा दिया जाए। उन्होंने कहा कि शनिवार को कई केदो पर बीएलओ नहीं पहुंचे और मतदाता सूची नहीं पढ़कर सुनाई जा सकी।

सार-संक्षेप

शिव बारात में शामिल प्रभु शिव की झांकी। अमृत विचार

शिव बारात में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

सुमेरपुर(हमीरपुर)। अमरनाथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार रात कस्बे में नयनाभिराम झांकियों के साथ शिव बारात निकाली गई। वहीं प्रजापिता ब्रह्मकुमारियों ने त्रिमूर्ति शिव जयंती की भव्य शिव बारात निकाली। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी कस्बे में अमरनाथ सेवा संस्थान के नेतृत्व में भव्य शिव बारात निकाली गई। बारात में शिव पार्वती, राधा कृष्ण, मां काली, राम दरबार आदि की नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं। शिव बारात कस्बे के सुराही शिव मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण कर वापस शिव मंदिर में आकर संपन्न हुई। बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर शिव पार्वती का पूजन किया गया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण के स्टाल लगे रहे। इस अवसर पर अमरनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, रज्जन चौरसिया, राहुल गुप्ता, राज गुप्ता, दीपक गुप्ता, टोनी गुप्ता, सुरेश गुप्ता, किशन गुप्ता, कल्लू यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इसी तरह प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन कुसुम, ऊषा, शीलू के नेतृत्व में कस्बे में भव्य शिव बारात निकाली गई और नगर पंचायत के टाउन हॉल में पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे, राजेश शिवहरे, अमोल सिंह सहित स्कूली छात्राएं शामिल रही। वहीं दुग्ध डेयरी मार्ग में भी भव्य शिव बारात को निकाली गई।

पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

दुष्कर्म पीड़ितों के घर सांत्वना देने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

हमीरपुर। दो बेटियों की दुष्कर्म के बाद आत्महत्या से आहत पिता के खुदकुशी करने के मामले में शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए। कहा कि पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। न्याय के लिए आम आदमी दर-दर भटक रहा है। पूरे प्रदेश में जंगलराज व्याप्त है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यहां हमीरपुर मुख्यालय में कहा कि प्रदेश में जिस तरीके का अन्याय और अत्याचार हो रहा है यह पूरा प्रदेश देख रहा है। कानपुर के अंदर यहां की दो बेटियों के साथ बलात्कार भी होता है और मारकर टांग भी दिया जाता है। फिर घटना को आत्महत्या दिखाया जाता है। हृदय विदारक घटना के बाद लड़की के बाप ने भी आत्महत्या कर ली और सरकार कुछ नहीं कर रही है। सरकार उन लोगों को पकड़ नहीं रही है, उन लोगों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अफसोस यह है कि एक तरफ उनकी बेटी मारी जा रही है और न्याय न मिलने से आहत पिता को खुदकुशी करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पार्टी की तरफ से पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देगें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, संजय वीर लोधी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह रहे।

पुरस्कार और प्रमाणपत्र पाने वाले बच्चे। अमृत विचार

सामान्य ज्ञान में कुलदीप ने मारी बाजी

रामनगर (चित्रकूट)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शनिवार को महात्मा ज्योतिबा राव फुले इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय चोरहा बिनौरा के कुलदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय से छह-छह छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज तीन चरणों में हुई। तीनों चरणों की प्रतियोगिताओं में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर विजेताओं को चुना गया। अच्छे अंक लाने वाले 100 छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट व सर्वश्रेष्ठ 20 छात्र-छात्राओं को जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए चयनित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृतिचिह्न व नगद पुरस्कार दिया गया। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने इनको पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में द्वितीय नमन द्विवेदी उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरौंद तथा तृतीय स्थान हिमांशु निषाद उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरावल माफी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय चोरहा बिनौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरौंद एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरावल माफी के साथ साथ रेरुआ विद्यालय के बच्चों का दबदबा रहा। कार्यक्रम में साकेत बिहारी शुक्ला, शिवभूषण त्रिपाठी, अजीत प्रताप सिंह, राधेश्याम वर्मा, रामभरोसा यादव, सुशील कुमार राणा, राकेश कुमार पांडेय, दयाशंकर वर्मा आदि का सहयोग रहा।

मंत्री का स्वागत करतीं नरैनी विधायक व अन्य। अमृत विचार

पदयात्रा पर निकले एमपी के मंत्री का किया स्वागत

नरैनी-बांदा : मध्यप्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री सैकड़ों समर्थकों के साथ चित्रकूट की पद यात्रा पर निकले तो कस्बा में जगह-जगह पर उन्हें रोककर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत मंत्री ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की खुशी में राम भक्तों के साथ वह पद यात्रा कर रहे हैं। सीमावर्ती मध्यप्रदेश के चंदला विधान सभा क्षेत्र से विधायक और मध्यप्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार एक हजार से अधिक समर्थकों और राम रथ के साथ केन नदी पार कर नसेनी गांव पहुंचे। यहां गांव के साबिर खान ने सभी को जलपान कराकर स्वागत किया। कस्बा में राम और लखन त्रिपाठी ने अपने आवास में सभी को भोजन कराया। पद यात्रा में चल रहे सैकड़ों लोग हाथ में राम ध्वज लेकर जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए कस्बा से निकले तो लोगो की भीड़ लग गयी। विधायक ओममणी वर्मा भी पद यात्रियों का स्वागत करने मौके पर पहुंची। मंत्री अहिरवार ने बताया कि वे खुद लंबे समय से श्री राम सेवा समिति के सदस्य रहे हैं। अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। इस खुशी में उनके द्वारा तीन दिवसीय पद यात्रा निकाली गई है। बताया कि सभी लोग पैस्वनी गंगा में स्नान कर भगवान कामतानाथ के दर्शन करेंगे।

एक नजर

संदेशखालि को लेकर सरकार पूरी तरह नाकाम : चंद्रशेखर

अमृत विचार, लखनऊ : संदेशखालि (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं कुछ परिवारों पर अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा हो रही है। इसे रोकने पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। राजनीति व धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में आयोजित महासभा की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, अरविंद नाथ गुप्ता, किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा, विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव, सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

1040 गरीबों को प्रधानमंत्री देंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात

10 लाभार्थियों को सौंपेंगे सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन 'स्टे इन प्लेस फार्मवर्क' तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है।

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अवध विहार योजना में बनाए गए 1040 मकान
- देश में छह जगहों पर बनाए गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12.59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5.26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रांश 1.50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैट : लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी सेंटर, कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आन्तरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

नई तकनीक पर इन शहरों में बनाये गए हैं मकान : उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। इन बहुमंजिला इमारतों में हर जगह अलग-अलग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।

नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नागालैण्ड में था वांछित वाराणसी में हत्थे चढ़ा

अमृत विचार : एसटीएफ ने नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। नागालैण्ड में वांछित तस्कर रामानन्द यादव वाराणसी में हत्थे चढ़ा है। यह गाजीपुर जिले का मूल निवासी है।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ को उसके वाराणसी में होने की सूचना मिली थी। उस आधार पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वह नागालैण्ड में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। उसी दौरान उसका सम्पर्क नशे के स्थानीय तस्करों के साथ-साथ नेपाल के भी तस्करों से हो गया। नेपाल व देश के अन्य कोने से मादक पदार्थ लाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ नागालैण्ड में बेचता था। इसी दौरान वर्ष 2014 में 5 किग्रा डोडा (मादक पदार्थ का प्रकार) के साथ थाना बारा चट्टी जनपद गया (बिहार) में अपने 4 साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर अपने गैंग के साथ सक्रिय हो गया। इसी साल उसके गैंग के 2 सदस्यों को नागालैण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। उस दौरान रामानन्द यादव आदि फरार हो गये थे।

2.70 लाख रोजगार देंगे प्रदेश में स्थापित हो रहे बड़े इंडस्ट्रियल पार्क

13 पार्क के तहत प्रदेश में हो रहा 14,634 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के कई जनपदों में इंडस्ट्रियल पार्क में 14,634 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध जाने जा रहा है। इनमें सबसे बड़े पार्कों की संख्या 13 है। अकेले 2.5 लाख रोजगार कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहा है। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

शासन के मुताबिक निजी इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में कानपुर नगर बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने को तैयार है। यहां पर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. 5850 करोड़ की लागत से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रही है। यह इंडस्ट्रियल पार्क रिकॉर्ड 2.5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में क्रेसेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रहा है, जिससे 100 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा तो बाराबंकी में लखनऊ एच एम ग्रीन सिटी प्रा. लि. 150 करोड़ रुपये से इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद यहां पर 200 लोगों को रोजगार हासिल होगा।

शाहजहांपुर में भी लेटेस्टप्लस अपैरल प्रा. लि. 5000 करोड़ के निवेश से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है। यह पार्क 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त बरेली में रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी 408 करोड़ की लागत से शुरू कर रहे प्रोजेक्ट के जरिए 1000 लोगों को, जबकि चंदौली में डीआरएस डेवलपर्स 50 करोड़ के निवेश से प्लेज स्कीम के अंतर्गत 150 लोगों के रोजगार का प्रबंध कर रहा है।

- कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से सर्वाधिक 2.5 लाख रोजगार का हो रहा सृजन
- बागपत, बाराबंकी, बरेली, मेरठ, शाहजहांपुर आदि जिलों में भी स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क

पश्चिमांचल में भी देंगे हजारों रोजगार

प्रदेश के पश्चिमांचल में भी बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें बीएमआर बिल्डकॉन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. बागपत में 200 करोड़ से 30 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए 1200 लोगों के लिए नौकरियां सृजित करेगा, जबकि बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्रा. लि. 200 करोड़ से 25 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करके 1430 लोगों को रोजगार देगा। गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यह 800 लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने में सक्षम होगा। जबकि हापुड़ में शिव शंकर इंडस्ट्रीज 350 करोड़ के निवेश से 500 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट 626 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है, जिससे 6570 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेरठ में ही पसवारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. भी इंडस्ट्रियल पार्क में 300 करोड़ के प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है जो 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। सहारनपुर में पुलस्तया इंडस्ट्रियल पार्क लि. भी 500 करोड़ से इंडस्ट्रियल पार्क निर्मित कर रहा है। इससे 5000 लोगों की रोजी रोटी के प्रबंध किए जाने की उम्मीद है।

हर सुविधा से लैस होंगे इंडस्ट्रियल पार्क

प्रदेश में स्थापित किए जा रहे इन प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। पार्क के मैन्युफैक्चरिंग जोन में फ्लैटनुमा कारखाने और फैक्ट्री शेड होंगे। सामान्य सुविधाओं के तहत बिजनेस व शॉपिंग सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट, हॉस्टल, ऑफिस ब्लॉक, स्वास्थ्य व संचार सुविधाएं, पुलिस व फायर स्टेशन आदि होंगे। इन इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा के अलावा कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, टेस्टिंग व सर्टिफिकेशन लैब भी होंगे। लॉजिस्टिक्स के तहत वेयरहाउस, कंटेनर व ट्रक टर्मिनल, रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, फ्यूल स्टेशन आदि सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा हरियाली से भरा ग्रीन जोन भी होगा। यही नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से भी यहां सिक्योरिटी गार्ड व पुलिस थाना जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

रमजान और ईद पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करें अफसर : डीजीपी

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को रमजान और ईद पर्व को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरो को पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस अफसर कार्यक्रमों के आयोजक, पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें। मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापितकर त्योहारों से संबंधित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाए। थानों में मौजूद त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नम्बर आठ में उपलब्ध सारी प्रविष्टयों का अध्ययन कर लिया जाए। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई कर ली जाए।

त्योहारों के मद्देनजर समस्त ट्रबल स्पॉट, हॉट स्पॉट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण कर समीक्षा करने और पूर्व विवादों और घटनाओं की को देखते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों, संवेदनशील एवं आबादी वाले स्थानों, जुलुस के मार्गों पर ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाए। लगातार पुलिस मोबाइल गश्त एवं फूट पेट्रोलिंग किया जाए।

खत्म कर देनी चाहिए ईडी और सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी।

अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान सपा प्रमुख अखिलेस यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

- कहा, 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका

मायावती का जताया आभार : बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

ये नेता सपा में हुए शामिल

शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।

यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी में समझी फॉरेंसिक की बारीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीएनए व फिंगर प्रिंटिंग पर हुईं चर्चा : डॉ0.गोस्वामी
- इससे फॉरेंसिक के क्षेत्र में न्याय दिलाने में मिलेगा मजबूत साक्ष्य

अमृत विचार : यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुईं।

यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था।

उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। इसमें एक दर्जन से अधिक छात्र शामिल थे, जो संस्थान के फॉरेंसिक विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।

अकेले लड़ेंगे चुनाव : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा प्रमुख ने किसी तीसरे मोर्चे और गठबंधन करने की अटकलों पर लगाया विराम

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है।

मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए।

मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।

वर्ग पहेली-5

बाएं से दाएं

1.1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।

4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।

6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।

7.1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

ऊपर से नीचे

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।

3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।

4.1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।

5.1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।

6.1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



वर्ग पहेली -4 का हल

	1 गु					2 ते
3 जु	ला	ब		4 खं		गा
	ब		5 सौ	गा	त	
	6 पा	नी	दा	र		7 बि
	श		सू			खे
8 साँ		9 इं	त	हा		र
ड़						ना

सुडोकू-84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	9		7		5			8
	8		2		1			
2				6				1
		3			2	5	4	
	2	6	1			8		
5				7				2
4			9		3		6	
				1	8		9	

सुडोकू -83 का हल

2	9	3	6	5	8	7	1	4
4	6	7	9	1	2	3	5	8
8	5	1	3	4	7	9	6	2
9	1	6	5	2	4	8	3	7
3	8	4	7	6	9	5	2	1
5	7	2	8	3	1	4	9	6
6	4	9	1	8	3	2	7	5
1	3	8	2	7	5	6	4	9
7	2	5	4	9	6	1	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

वृष — आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

मिथुन — आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

सिंह — आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

तुला — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

वृश्चिक — आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

धनु — आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

मकर — आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

कुंभ — आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

मीन — आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खुद्दार — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 08.39

SONY MAX
- अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
- हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

SONY PIX
- एक्वामैन — सुबह : 09.52
- स्पाइडर मैन — रात : 07.59

ZEE CINEMA
- कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
- रेस 3 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- बेटा — दोपहर : 12.03
- मैं हूं ना — रात : 08.02

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन: मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

सिलीगुड़ी। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

अगरतला। प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बंगलादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बंगलादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

जोरहाट (असम)। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।

चेन्नई में शनिवार को एयरफोर्स चीफ वीआर चौधरी के साथ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड और पिपिंग समारोह के दौरान कैडेट। ● एजेंसी

एक नजर

संदेशखालि थाने के प्रभारी का तबादला

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं के खिलाफ यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर जारी हंगामे के बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार को संदेशखालि पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी बिस्वजीत शांपुई का तबादला कर दिया। गोपाल सरकार को शांपुई के स्थान पर नियुक्त किया गया है। सरकार इससे पहले बशीरहाट पुलिस जिले में प्रभारी अधिकारी (ओसी) के रूप में कार्यरत थे। पुलिस अधिकारियों ने हालांकि इन तबादलों को नियमित प्रशासनिक कार्यवाही बताया।

अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेऱ सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

नई दिल्ली। राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

खजुराहो संसदीय क्षेत्र

- पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था। जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा का न केवल वर्चस्व बढ़ा था बल्कि एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार पूर्व विधायक बुंदेला भाजपा में है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5600 -5800
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	3900 -4000
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14300-14500
अरहरस्पेशल1	12000-12200
चनादाल	7000-7100
मटरदाल	5000-5100
मसूरमलका	7050-7100
मसूरदाल	7150-7200
उड़ददाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूँगदाल	8800 -10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-4950
अलसी	4500 -4600 रुपये।

कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

बेंगलुरु। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा-अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है।

भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद पहले 10 साल के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और उसके बाद अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्य देशों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। समझौते के तहत यह प्रतिबद्धता शुल्क कटौती से जुड़ी होगी। इस निवेश से देश में करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। देशों को निर्यात से से ज्यादा लाभ होने की संभावना है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000-50,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,000
सोना जेवरात गिन्नी	64,500
चांदी पक्की	736 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,150
चांदी आभूषण	73,900।

शीर्ष छह शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 5 से 5.5 करोड़ वर्ग फुट रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- फिक्की और कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग इस साल अच्छी रहेगी। फिक्की-कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और विदेशी कंपनियां अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 2024 में 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर ले सकती हैं। छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5.82 करोड़ वर्ग फुट था।

उद्योग निकाय फिक्की और रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कार्यालय मांग के लिए तीन परिदृश्य दिए गए हैं - आशावादी, यथार्थवादी और निराशावादी। रिपोर्ट के अनुसार यथार्थवादी स्थिति में, इन छह शहरों में इस साल श्रेणी-क के कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। आशावादी स्थिति में यह आंकड़ा 5.5-6 करोड़ वर्ग फुट तक जा सकता है, जबकि निराशावादी परिदृश्य में यह 4.5-5 करोड़ वर्ग फुट तक गिर सकता है।

एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती

रायपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ में किसान महाकुंभ को रक्षा मंत्री राजनाथ ने संबोधित किया

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। सिंह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 'साइंस' कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।

सिंह ने कहा-मैं एक किसान का बेटा हूं और गांव से हूं। किसान अपनी मेहनत से मिट्टी से सोना उगा सकते हैं। मेरी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला केंद्र किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सिंह ने कहा, ''अमेरिका में यूरिया उर्वरक का एक बोरी तीन हजार रुपए में उपलब्ध है.. भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को तीन सौ रुपये प्रति बोरी के दर पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ी लेकिन मोदी सरकार ने बीज और खाद के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं।

जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

टोक्यो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार

जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर

बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गई, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म

भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।

लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

एक नजर

हरियाणाः अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

अंबाला। हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

रोम। इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने आसिफ अली, दोबारा हुई ताजपोशी

पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी

आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें

राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाईः पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक

आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

जयपुर। भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी,लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले- संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं

दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिला अदालतों को संवेदनशील बनाना चाहते हैं, क्योंकि यह न्याय की दिशा में पहला कदम है। हम जिला अदालतों की स्थिति में सुधार करने और उनकी इमारतों को आधुनिक युग के अनुरूप बदलने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं।

...और पहुंच गई वायुसेना

श्रीनगर : वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

गाजा। इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित

- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

शोध ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापोंः वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी

बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिबिंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

वाशिंगटन। टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गार्ड्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

लोकतंत्र के दुश्मन हैं जो बाइडन, ट्रंप का पलटवार

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कुछ दिन पहले ट्रंप को वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा बताया था

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन में ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा था कि वह देश ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा हैं। इसे लेकर शुक्रवार को ट्रंप ने पलटवार किया है।

ट्रंप ने कहा कि बाइडन का बयान भयानक था। उन्होंने कहा कि बाइडन गुस्से में और मानसिक रूप से परेशान थे। ट्रंप ने बाइडन को लोकतंत्र का दुश्मन बताया।

इस बीच, ट्रंप ने शुक्रवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मुलाकात की। ओरबन ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप से मुलाकात का वीडियो भी पोस्ट किया। ट्रंप के कैंपेन से जुड़े लोगों का कहना है

कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और हंगरी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत की। बाइडन ने शुक्रवार को अपने कैंपेन के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि क्या आपको पता है कि ट्रंप मार-ए-लागो में आज किससे मिले हैं। हंगरी के ओर्बन से, जिन्होंने साफ कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि लोकतंत्र कार्य करता है। वह तानाशाही की तलाश कर रहे हैं।